


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112



■ रायपुर,शनिवार 4 नवंबर 2023 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-217 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 5 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.





## भाजपा ने बनाया है भाजपा ही संवारेगी



**कृषक उन्नति योजना**
21 क्विंटल / एकड़ धान खरीदी ₹3100 में
एकमुश्त पूरा भुगतान - हर पंचायत भवन में नकदी काउंटर
बारदाने की उपलब्धता

**रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती**
1 लाख रिक्त शासकीय पदों पर समयबद्ध पारदर्शीभर्ती

**तेंदूपत्ता संग्रहण दर एवं बोनस**
₹5,500 प्रति मानक बोरा
15 दिन तक संग्रहण
₹4,500 तक बोनस
चरण पादुका एवं अन्य सुविधाएं पुनः प्रारंभ

**आयुष्मान भारत - स्वस्थ छत्तीसगढ़**
₹10 लाख मुफ़्त उपचार का स्वास्थ्य बीमा
सस्ती दवाइयों हेतु 500 नए जन औषधि केंद्र

**इनोवेशन हब**
नया रायपुर होगा सेंट्रल भारत का इनोवेशन हब
6 लाख रोज़गार के अवसर

**मासिक ट्रेवल अलॉवंस**
कॉलेज जाने हेतु DBT से मासिक ट्रेवल अलॉवंस

**इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ सम्मेलन**
'इन्वेस्ट छत्तीसगढ़' निवेश आमंत्रण हेतु
वार्षिक वैश्विक स्तरीय सम्मेलन

**रानी दुर्गावती योजना**
BPL बालिकाओं के जन्म पर
₹1,50,000 का आश्वासन प्रमाण पत्र

**भ्रष्टाचार ज़ीरो टॉलरेंस नीति**
भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोग
शिकायत निवारण व निगरानी हेतु वेब पोर्टल
प्रत्यक्ष कार्रवाई हेतु मुख्यमंत्री कार्यालय में सेल

**सरकार तुंहर दुवार**
पंचायत स्तर पर 1.5 लाख बेरोज़गारों की भर्ती
तुंहर दुवार सार्वजनिक सेवा

## सशक्त छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी



**महतारी वन्दन योजना**
₹12,000 विवाहित महिला को वार्षिक वित्तीय सहायता

**18 लाख प्रधानमंत्री आवास एवं घर-घर निर्मल जल अभियान**
पहली 'कैबिनेट बैठक' में
18 लाख प्रधानमंत्री आवास हेतु धन-राशि का आवंटन
2 सालों में हर घर नल से जल

**दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना**
भूमिहीन खेतिहर मजदूर को प्रति वर्ष ₹10,000

**CGPSC में पारदर्शिता**
UPSC की तर्ज पर होंगी परीक्षाएं
CGPSC घोटाले की जांच

**छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना**
युवाओं को 50% सब्सिडी
के साथ ब्याज मुक्त ऋण

**स्टेट कैपिटल रीजन (SCR)**
रायपुर, नया रायपुर, दुर्ग और भिलाई नगर के विकास हेतु दिल्ली NCR की तर्ज पर
स्टेट कैपिटल रीजन (SCR)

**₹500 में सिलेंडर**
गरीब परिवारों की महिलाओं को ₹500 में गैस सिलेंडर

**CIMS एवं CIT**
हर संभाग में AIIMS की तर्ज पर
छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस (CIMS)
हर लोकसभा क्षेत्र में IIT की तर्ज पर
छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (CIT)

**शक्तिपीठ परियोजना**
चार धाम परियोजना की तर्ज
पर पांच शक्तिपीठों के लिए 1,000 कि.मी. परियोजना

**श्रीरामलला दर्शन**
प्रदेशवासियों को
अयोध्या श्री रामलला दर्शन

दिनांक
04-11-2023
समय: 11 बजे

प्रभु श्री राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर
माननीय प्रधानमंत्री
**श्री नरेंद्र मोदी जी**
का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन

स्थान:
रविशंकर स्टेडियम, दुर्ग

सशक्त छत्तीसगढ़ के लिए
भाजपा को वोट दें

भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

## एक नजर

### बीएसपी के बीआरएम ने मापित क्षमता को पार कर रचा इतिहास

**भिलाई, 4 नवंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण में मॉडेक्स यूनिट के रूप में उत्पादन में शामिल हुई बार एवं रॉड मिल की मापित क्षमता 0.9 मिलियन टन है। इस आधुनिक इकाई बार एवं रॉड मिल ने वर्तमान वित्त वर्ष में अनेक कीर्तिमान बनाते हुए अक्टूबर-2023 में 1,01,111 टन टीएमटी बार का उत्पादन कर सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन का कीर्तिमान बनाया। कीर्तिमानों की श्रृंखला में 27 अक्टूबर को 12 एमएम टीएमटी बार में 3,330 टन (1623 बिलेट) का उत्पादन कर एक नया दैनिक उत्पादन का कीर्तिमान भी स्थापित किया है तथा 28 अक्टूबर को प्रथम पाली में 12 एमएम टीएमटी बार में 1,275 टन (622 बिलेट) का उत्पादन कर पाली उत्पादन का नया कीर्तिमान भी दर्ज किया है। इसी कड़ी में बीआरएम ने 93,300 टन डिस्पैच कर सर्वश्रेष्ठ मासिक डिस्पैच की उपलब्धि भी हासिल की। संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने शॉप फ्लोर पहुंच कर इस उपलब्धि के लिए बीआरएम के मेहनत तथा योगदान की सराहना की ।

### बीएसपी के सतर्कता विभाग ने किया मेगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**भिलाई, 4 नवंबर।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों के लिए विगत दिनों बीएसपी के मानव संसाधन विकास विभाग के सहयोग से विजिलेंस-क्वेस्ट-2023 नामक मेगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजिलेंस-क्वेस्ट-2023 प्रतियोगिता के क्विज मास्टर्स सहायक महाप्रबंधक विकास पिपरानी और सहायक महाप्रबंधक आशीष अग्रवाल थे। प्रबंधक निवेश विजयन और जेएसए, के वेंकट प्रसाद राव की टीम विजेता रही। इसके साथ ही महाप्रबंधक हरप्रीत सिंह और सेक्शन ऑफिसर सुश्री प्रभा नायर की टीम प्रथम उपविजेता और सहायक महाप्रबंधक उमेश मलयथ तथा चार्जमैन कम ओसीटी के पी कृष्णन की टीम द्वितीय उपविजेता रही। संचालन सहायक महाप्रबंधक सुभाष पटेल द्वारा किया गया।

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह में भाषण प्रतियोगिता आयोजित



**भिलाई, 4 नवंबर।** बीएसपी के सतर्कता विभाग द्वारा पीजी नर्सिंग कॉलेज, भिलाई में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय था, भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें। शुरुआत मुख्य अतिथि सहायक महाप्रबंधक हिमांशु दवे द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। मुख्य अतिथि हिमांशु दवे ने नर्सिंग कॉलेज के छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार का विरोध कर, राष्ट्र के प्रति अपना समर्पण व प्रतिबद्धता का पालन करें। प्राचार्य डॉ अभिलेखा बिस्वाल ने भी अपने विचार रखें। निर्णायक महाप्रबंधक सुश्री सिम्मी गोस्वामी द्वारा किया गया। हिंदी श्रेणी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार क्रमशः सुश्री गीता पटेल, सुश्री भूमिका तथा सुश्री रिया भगत ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार सुश्री वंशिका देवांगन ने प्राप्त किया। अंग्रेजी श्रेणी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार क्रमश सुश्री दिव्या नायर, सुश्री रिंसी टी बाबू तथा सुश्री दीक्षा यादव ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार सुश्री जेसिका नीजू ने प्राप्त किया।

### डी.ए.वी स्कूल में मनाया गया सतर्कता जागरूकता सप्ताह



**भिलाई, 4 नवंबर।** डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर-2 की प्रिंसिपल श्रीमती प्रियंका शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 मनाया। इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय था, भ्रष्टाचार को ना कहें; राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध; इस अवसर पर सतर्कता विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र ने स्कूली बच्चों के लिए वाद- विवाद और ड्राइंग/ पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता 29 अक्टूबर को मैत्री बाग में आयोजित की गई थी। हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने;भ्रष्टाचार को ना कहें; प्रतिबद्ध रहें; विषय से संबंधित चित्रकारी और अपने कौशल को अभिव्यक्त करते हुए बहुत उत्साह से इसमें भाग लिया। ड्राइंग प्रतियोगिता एक खुली प्रतियोगिता थी जिसे दो समूहों में विभाजित किया गया था। दूसरे चरण में, सतर्कता विभाग, बीएसपी ने कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए एक वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। विषय था राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता के लिए भ्रष्टाचार का विरोध आवश्यक है; प्रतियोगिता 2 नवंबर को आयोजित की गई थी। इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर में आयोजित किया गया था। हिंदी (प्रस्ताव के पक्ष और विपक्ष में) अंग्रेजी (प्रस्ताव के पक्ष और विपक्ष में)। प्रत्येक विद्यालय से अधिकतम 04 प्रतिभागियों, 2 हिन्दी भाषियों एवं 2 अंग्रेजी भाषियों को भाग लेने की अनुमति दी गई थी। तदनुसार हमारे विद्यालय से 04 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अच्छा प्रदर्शन किया। 4 नवंबर को महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर, भिलाई में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा, जो सतर्कता जागरूकता सप्ताह समारोह 2023 के समापन का भी प्रतीक होगा।

# छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग को कुछ ना कुछ दिया हैःताम्रध्वज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग,4 नवंबर।** दुर्गग्रामीण विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू जनसंपर्क दौरा कार्यक्रम ग्राम चंगोरी, खाड़ा, रूदा, भोथली,झोला, तिरगा, निकुम, मासाभाट, आमटी,आलबरस कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू आशीर्वाद लेने पहुंचे जहां ग्राम के वासियों से भेंट मुलाकात करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ गठन के 2 वर्ष बाद लगातार 15 वर्षो से काबिज भाजपा की राज्य सरकार ने किसानों, मजदूरों, छात्रों, कर्मचारियों, व्यापारियों, शिक्षा, स्वास्थ, बिजली, सड़क, पानी, समाजिक, संगठनों, आदि के लिए किसी भी तरह की कोई भी योजना नहीं बनाई, लेकिन वर्ष 2018 में जब कांग्रेस की सरकार स्थापित हुई मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य की बागडोर संभालने के 2 घंटे के भीतर 18.82 लाख किसानों पर बकाया 9270 करोड़ रूपये का कृषि ऋण को माफ करने और 2500 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर धान खरीदी का बड़ा निर्णय लिया।वर्ष 2018-19 में क्रय किये गए धान पर किसानों को प्रति क्विंटल के मान से 750 रूपये बोनस के रूप में कुल 5979 करोड़ रूपये का अतिरिक्त भुगतान भी किया गया। वहीं केन्द्र सरकार द्वारा किसानों को बोनस देने पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 से राज्य के धान उत्पादक किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना बनाकर 21 हजार 913 करोड़ रूपये इनपुट सब्सिडी के रूप में दिए गए।साहू ने आगे बताया कि वर्ष 2022-23 में किसानों को समर्थन मूल्य एवं राजीव गांधी किसान न्याय योजना की सब्सिडी को मिलाकर प्रति क्विंटल सामान्य धान का कुल मूल्य 2640 एवं ग्रेड़ (ए) का मूल्य 2660 रूपये मिला। वहीं खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में प्रदेश के किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान क्रय किया जा रहा हैं। तथा मक्का, अरहर, उड़द, मुंग, गन्ना, कोदों, कुटकी, रागी की भी समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही हैं। जिसका लाभ गांव में रहने वाले किसानों को भी मिल रहा हैं। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में 5 सालों में करोड़ों की राशि से प्रत्येक ग्राम में विभिन्न विकास कार्य हुआ है दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में सड़क,पुल,पुलिया, स्वास्थ, पेयजल, एवं शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल , नया भवन निर्माण एवं प्रत्येक ग्रामों को मुख्य सड़कों से जोड़ने का कार्य किया है।हमारी सरकार हमेशा विकास के उद्देश्य को लेकर चलती है और इसीक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में अभी तक हर क्षेत्र में विकास ही किया हैइस अवसर पर अध्यक्ष केश शिल्प बोर्ड नंदकुमार सेन, अध्यक्ष ज़िला पंचायत दुर्ग पुष्पा यादव,अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख,भीषम हिरवानी,जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्रकार ज़िला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, रामकली यादव, सुलोचना पुजा,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष झमीत गायकवाड़,अध्यक्ष सहकरिता प्रकोष्ट रिवेन्द्र यादव, मंडी बोर्ड सदस्य तारकेश्वर चंद्राकार,सरपंच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर, जनपद सदस्य हरेंद्र देव, रूपेश देशमुख, हेमकुमारी देशमुख, भुनेश्वरी ठाकुर,नोहर साहू, हीरामणी देशमुख,रमेश साहू, तुलसी देशमुख, लज्कुमार, नदकुमार साहू, पी आर साहू, गोपेश्वर किशोर बेलचंदन ,बाबू लाल देशमुख,दीपांशु ,केजीवन सिन्हा, रिझन ठाकुर,डुमेश्वरी देशमुख, हिंछा राम पारकर, धरमदास साहू, भीषम चौधरी,रोशन देशमुख,देवीलाल देशमुख,मुकेश साहू, धर्मेंद्र बंजारे, प्यारे लाल देशमुख,देवेंद्र साहू,मानसिंह साहू,रोशन देशमुख,सरपंच गण गोमती पारकर, हुल्ली बाई साहू,धीरपाल देशलहरे,घासिया राम देशमुख, मुक्ति सुधाकर ,आशा देशकुख सहित राजीव युवा मितान क्लब के सभी सदस्य,बूथ, जोन, सेक्टर प्रभारी ,कांग्रेस के सभी जनप्रतिनिधी गण सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### धान खरीदी



**उतई, 4नवंबर।** ग्राम पंचायत बोरीगारका धान उपार्जन केंद्र में तीसरे दिन तक किसानों का 23 टोकन के माध्यम कुल 768.60 कुंटल धान खरीदी किया जा चुका हैं। बोरीगारका सेवा सहकारी समिति कर्मचारी जागेश्वर साहू ने बताया कि पहले दिन पहले दिन तराजू बाट पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारम्भ किया गया अभी आवक थोड़ा कम हैं। दीपावली के बाद आवक बढ़ जाएगा अभी तक पतला 139.30 और मोटा 629.60 धान खरीदा जा चुका है। किसानों के सुविधा के लिए पीने का पानी व बैठने की व्यवस्था किया गया है।

### एड्स जागरूकता प्रशिक्षण दिया गया

**उतई, 4 नवंबर।** नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वधान में एड्स जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 सितम्बर 2023 दिन मगलवार को नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग जिला युवा अधिकारी नितिन कुमार शर्मा जी के निर्देशन पर संघर्ष युवा संगठन द्वारा ग्राम कुटेलाभाठा दुर्ग में एड्स जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में मास्टर ट्रेनर नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग असिस्टेंट प्रोफेसर आदित्य भारद्वाज पस्थित थे। वक्ताओं ने अपने वक्तव्यों द्वारा सभी युवाओं को एड्स के कारण ,सुरक्षा तथा रोकथाम के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग ह41 यादवेन्द्र साहू, संघर्ष युवा संगठन के साथी *मृदुल निर्मल, राहुल , योगेश , मोरध्वज,खूमेंद्र,अदनान,तोषण,निमिश* आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भाजपा प्रत्याशी रिकेश ने कैंप, बैकुंठधाम में किया जनसंपर्क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 4 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी वैशाली नगर विधान सभा के प्रत्याशी कैंप 1 एवं बैकुंठ धाम में सघन जनसंपर्क किया। क्षेत्र लोग के लाडले प्रत्याशी का जगह जगह पर स्वागत कर रहे है, वही वरिष्ठ लोगो से आशीर्वाद ले रहे हैं।जनसंपर्क के दौरान प्रत्याशी रिकेश सेन ने कहा कि मैं 5 बार पार्षद बना हूँ और मैने पार्षद रहते वार्ड का विकास किया है,आप सब को ये जानते है।पांचों बार मैं अलग अलग वार्डो से जीता हू।मेरे वार्ड बदलने के पीछे का कारण वार्ड का आरक्षण ।इसलिए मुझे वार्ड बदला और जहा से भी लड़ा और हर बार जीता । जनता ने मुझ पर विश्वास जताया और मैं हर बार खरा उतरा।अन्य लोग अपना वार्ड बदलकर चुनाव नहीं जीत पाते,परंतु मुझे हर बार जनता ने आशीर्वाद दिया और मैं जीतकर आया।भारतीय जनता पार्टी ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को वैशाली नगर विधान सभा का प्रत्याशी बनाया है।मेरी जन्मभूमि और कर्मभूमि वैशाली नगर,आप मुझे व्यक्तिगत रूप से मुझे जानते हो । विपक्षी पार्टी के उम्मीदवार के बारे में आप क्या जानते हैं कितना जानते हो, यह जानना आपके लिए जरूरी है। इन सब बातों का ध्यान रख कर अपना आशीर्वाद एवं स्नेह बनाए रखियेगा। जनसंपर्क के दौरान विजय सिंह, राम उपकार तिवारी, मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता, राजेंद्र अरोरा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मिश्रा, महिला मोर्चा रश्मि साव, भोला साहू, प्रियंका साहू, सत्या देवी जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, तरुण सिंह, ललेल यादव, शिव नारायण गुप्ता, संजय जायसवाल, धर्मेंद्र पांडेय, लक्ष्मी साव, शोभा भगत, नवीन सिंह, आशु तिवारी, तरुण डकैता, तरुण देवांगन, नीरज तिवारी, तरुण सिंह, भगवती साव, इंदु कौर, शांता जंघेल, लता यादव,रूबी साव, मनीष काले, जयंत शर्मा, राहुल झा, रोहित यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्राचार्य ने किया कुकृत्य

**भिलाई, 4 नवंबर।** भिलाई जेवरा सिरसा अंतर्गत एक शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है एक स्कूल के प्रधान पाठक ने 5 साल के बच्चे के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ अप्राकृतिक कृत्य के तहत प्रकरण दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया पुलिस ने बताया कि घटना दो दिन पहले की हैं परिजनों ने मामले में शिकायत की शिकायत जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।

## भिलाई की दुर्दशा के लिए कांग्रेस जिम्मेदार बनाएंगे भाजपा की सरकार:प्रेमप्रकाश पांडेय



**भिलाई, 4 नवंबर।** चुनाव की तारीख नजदीक आते भाजपा के प्रति लोगों का उत्साह अपने चरम पर है। जिसकी झलक सेक्टर-7 में देखने को मिली। भिलाई बचाओ, कमल खिलाओ अभियान के तहत गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय सेक्टर-7 पहुंचे, जहां श्री हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए उन्होंने जनसंपर्क की शुरुआत की। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने लोगों से भेंट करते हुए भिलाई में शांति और विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों में हमारे भिलाई की जो दुर्दशा हुई है उसके लिए केवल कांग्रेस जिम्मेदार है। हम अब और नहीं सहेंगे कांग्रेस सरकार को बदलकर रहेंगे। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय महिलाओं ने पाण्डेय को बताया कि पिछले 5 सालों में भिलाई का माहौल बिल्कुल बदल चुका है। जहां हमारे शहर का शिक्षा में बोलबाला था, वहां अब सिर्फ क्राइम का ग्राफ बढ़ रहा है। हम लोगों को भी कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। पाण्डेय ने कहा कि आपने जब भी मुझे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सौंपा है। मैंने भिलाई के विकास के लिए हर संभव प्रयास किये हैं। चाहे महिलाओं की सुरक्षा हो या फिर शिक्षा की प्रगति, भाजपा सरकार ने सभी वर्गों के लिए पहल की है। आने वाले समय में आप सभी के समर्थन से हम फिर भाजपा की सरकार बनायेंगे और निश्चित ही हर दिशा में कार्य करेंगे।

### वीडियो बनाने के विवाद में मारपीट

**भिलाई, 4 नवंबर।** भिलाई गाली गलौज कर रहे लोगों का वीडियों बनाने को लेकर हुए विवाद में घर में चार लोगों ने घर में घुसकर मारपीट किया है शिकायत पर पुलिस ने पुरुष महिलाओं के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 427, 452, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि शीतला पारार नया बस्ती हथखोज भिलाई 3 निवासी विप्लव व्यापारी राजीव नगर स्थित छावनी प्राइवेट कंपनी में कार्यरत है शिकायत किया है। कि पीड़ित अपने घर पर सोया हुआ था मोहल्ले के जितेन्द्र पाण्डेय, दिलचंद, ममता पाण्डेय, निधी पाण्डेय ने मां पार्वती व्यपारी और परिवार को गाली गलौच कर रहें थें पीड़ित विवाद का मोबाईल पर विडियों रिकार्डिंग कर रहा था जिसे देख चारों आरोपियों ने गाली गलौज घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देते हुए मकान के दरवाजे की कुंडी को तोड़कर घर में घुस गए आरोपी दिलचंद, जितेन्द्र अपने पास रखे लोहे के राड और निधी, ममता ने ईंटा पत्थर से मारपीट करना शुरु कर दिया आरोपियों ने लोहे का सब्बल से घर के गेट तोड़ दिया ।

## डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने जामुल में किया जनसंपर्क



**जामुल, 4 नवंबर।** अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के जामुल नगर परिषद क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी से विधायक प्रत्याशी डोमनलाल कोर्सेवाड़ा का सघन दौरा संपन्न हुआ। कोर्सेवाड़ा ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों एवं अन्य जनों तथाविभिन्न, जन समूहों से संपर्क करने अहिवारा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा को फिर से मौका देने की अपील की। भाजपा प्रत्याशी डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों तथा मतदाताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए उनका सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि आम जनों के सहयोग से कृषि एवं अन्य खेत.खलिहान के विकास पर भरपूर ध्यान देने, नई फसलों को प्राथमिकता दिए जाने से क्षेत्र का विकास द्रुत गति से बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त भाजपा विधायक प्रत्याशी ने बताया कि भारत सरकार की महिलाओं के उत्थान हेतु मुद्रा योजना एवं अन्य योजनाओं के सहयोग से घर-घर में कुटीर उद्योग, उद्यमिता के विकास पर ध्यान देकर इस क्षेत्र की चहुंमुखी विकास पर जोर देने की संकल्पना है। दौरे में जामुल नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर, रेखराम बंछोर तथा भारी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ता, भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता व पार्षदगण एवं समस्त भाजपा सदस्य उपस्थित रहे ।

### शराब की बोतल तोड़कर किया हमला

**भिलाई, 4 नवंबर।** भिलाई नशे की हालत मे शराब की बोतल युवक पर फोडने का मामला सामने आया है घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है मिली जानकारी के मुताबिक शांति पारा निवासी मो असफाक उर्फ बबलू और बिजली नगर कालोनी निवासी भुवेन्द्र कुमार के बीच शराब पीने को लेकर विवाद शुरू हो गया विवाद इतना बढ़ा गया कि भुवेन्द्र ने शराब की बोतल तोड़कर मो असफाक पर हमला कर दिया।

हमले में असफाक गंभीर रुप से घायल हो गया घटना करी खबर लगता ही मौके पर भिलाई-3 पुलिस पुलिस पहुची और आरोपी को पकड़ लिया। घायल मो. असफाक को सुपेला स्थित शास्त्री अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल दुर्ग रेफर किया गया घटनास्थल भिलाई 3 स्थित पेट्रोल पंप में हुआ है।

# छत्तीसगढ़ में कमीशनखोरी के चलते युवा कहता है, 30 टका-भूपेश कका :अमित शाह

■ **पंडरिया विधानसभा के लिए मैंने जो संकल्प किया है वह आप सभी के आशीर्वाद से जरुर पूरा होगा : भावना बोहरा**

**कवर्धा,4 नवंबर।** पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत ग्राम रणवीरपुर के स्कूल ग्राउंड (दशहरा मैदान) में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पंडरिया विधानसभा प्रत्याशी भावना बोहरा एवं साजा विधानसभा प्रत्याशी ईश्वर साहू के पक्ष में विजय संकल्प महारैली को संबोधित किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव जी, पूर्व मंत्री बिहार राणा रणधीर सिंह , सांसद संतोष पाण्डेय , प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी श्री संजय श्रीवास्तव , जिला अध्यक्ष अशोक साहू जी सहित प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ नेतागण, विशिष्ट जन, जिला एवं विधानसभा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। गृह मंत्री अमित शाह ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आपका वोट विधायक चुनने का नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ का उज्ज्वल भविष्य चुनने के लिए है। छत्तीसगढ़ में जबसे कांग्रेस की सरकार आई है तबसे प्रदेश के कई युवाओं का भविष्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दी है इन सबके भविष्य को सँवारने के लिए आपको वोट करना है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के विकास करने एवं नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए है आपको वोट करना है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हर वर्ग, समुदाय के विकास के लिए जिस यात्रा पर निकले हैं उसे छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने रोक कर रखा है आपका वोट इस भ्रष्ट सरकार जो बाधा बनकर खड़ी है इस बाधा को हटाने के लिए वोट करना है। भूपेश बघेल



छत्तीसगढ़ के खजाने को अरू बनाकर दिल्ली के भाई-बहन के चरणों में डालने का काम कर रहे है, जो गरीब जनता का विकास करने की जगह अपनी राजनीति का विकास करना चाहता हो, वो छत्तीसगढ़ का कभी भला नहीं कर सकता। हमने तो अपना रिपोर्ट कार्ड बता दिया है, आप हमसे क्या रिपोर्ट कार्ड पूछोगे भूपेश बघेल ? चैलेंज देते हैं हिम्मत है तो किसी भी सार्वजनिक स्थल पर चर्चा कर लो। आज छत्तीसगढ़ में जो कमीशनखोरी चल रही है, भूपेश बघेल को देखते ही पूरे छत्तीसगढ़ का युवा कहता है 30 टका भूपेश कका ।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया है। गाँव, गरीब, किसान के तरक्की के लिए पंडरिया में, साजा में, कवर्धा में और पूरे छत्तीसगढ़ के हर विधानसभा में कमल खिलाने का काम हम सभी को करना है। ये छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव केवल सरकार बनाने के लिए नहीं है, ये चुनाव छत्तीसगढ़ को बचाने के लिए है। छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार प्रदेश को अंधकार की ओर ले जाने का काम कर रही है। राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि भूपेश सरकार के राज में आज छत्तीसगढ़ में लगातार सामाजिक हिंसा हो रही है। भ्रष्टाचार, घोटाले, महिलाओं से अपराध जैसी घटनाओं से आज शांति का टापू हमारा छत्तीसगढ़ बदहाली की गर्त में जा रहा है। आज हम सभी को मिलकर पूरे छत्तीसगढ़ में कमल खिलाकर विकास और सुशासन की पुनः स्थापना करें। पंडरिया विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी भावना बोहरा ने कहा कि पिछले पांच साल में पंडरिया विधायक की निष्क्रियता के कारण हमारा पंडरिया विधानसभा विकास से उपेक्षित रहा। जिस प्रकार पंडरिया में विकास के नाम पर कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार हुए हैं उससे जनता में आक्रोश साफ़ दिखाई दे रहा है। योजनाओं के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई, पंडरिया विधानसभा में अवैध शराब की बिक्री, खुलेआम जुआ-सट्टा में बढ़ते अपराध ने समृद्ध पंडरिया को अंधकार में धकेल दिया है। पंडरिया विधानसभा में न आवास मिला न सड़कें मिली, गोठान के नाम पर केवल भ्रष्टाचार किया गया, महिलाओं के हितों का हनन किया गया यह कांग्रेस सरकार की कुनीति और कुप्रबंधन का रिपोर्ट कार्ड है। आने वाले पांच वर्षों में मैं आपको इस मंच से वादा करती हूँ की मैंने सेवा संकल्प पत्र के माध्यम से जो भी गारंटी आप सभी को दी हैं वह जरुर पूरे होंगे। हम मिलकर उन सभी सेवाओं, सुविधाओं का सञ्चालन करेंगे, हर वर्ग के आकाँक्षाओं की पूरा करेंगे और एक नए व समृद्ध पंडरिया का निर्माण करेंगे। मैनें संकल्प लिया है पंडरिया विधानसभा में शक्कर कारखाना खुलेगा जिसके प्रति मैं संकल्पबद्ध हूँ। राजधानी रायपुर जाने वाले पंडरिया विधानसभा के मरीजों और उनके परिवारजनों के रुकने के लिए पंडरिया आवासीय भवन, पढाई के लिए जाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवास, पूरे विधानसभा में बेटियों के लिए निशुल्क बस सेवा घर-घर जाकर बेटियों की शिक्षा के लिए उन्हें प्रोत्साहित करेगी। भावना बोहरा ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार के राज में जनता की समस्या सुनने वाला कोई नहीं है, हम विधानसभा के प्रमुख 7 स्थानों में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना करेंगे जो विधायक कार्यालय के रूप में आप सभी की सेवा में समर्पित रहेगा जहाँ हर समस्या का त्वरित निदान होगा। मितानिन बहनों को ट्रेनिंग, स्वसहायता समूह की बहनों के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन की जिम्मेदारी मैनें लिया है, लेकिन आप सभी की भी जिम्मेदारी है की 7 नवम्बर को होने वाले चुनाव में पंडरिया में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाना है। आज कांग्रेस सरकार के कुशासन के कारण महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रहीं हैं, युवा साथी रोजगार एवं बेरोजगारी भत्ता के लिए तरस रहें हैं, किसान बिजली, पानी के लिए गुहार लगा रहें हैं, छत्तीसगढ़ विकास के लिए तरस रहा है, लेकिन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार केवल कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार, अवैध कारोबार और अपने करीबियों को लाभ पहुँचाने में व्यवस्त हैं। जनता की परेशानियों से इन्हें कोई मतलब नहीं है। लेकिन अब हम सभी को यह संकल्प करना है और मिलकर पंडरिया विधानसभा को समृद्ध बनाने के लिए 7 नवम्बर को भारतीय जनता पार्टी को जिताकर लाना है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में एएसआई की मौत

**बालोद,4 नवंबर।** जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. ड्यूटी पर तैनात एएसआई की सड़क हादसे में मौत हो गई है और साथ आरक्षक घायल है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. बताया जा रहा है दोनों पुलिसकर्मी कार्य कर बाइक से वापस थाना लौट रहे थे तभी बाइक स्लिप होने से हादसा हुआ. यह मामला डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, सड़क दुर्घटना में एएसआई जमीदार चन्द्रवंशी की मौत हो गई है जबकि एक आरक्षक घायल है. दोनों पुलिसकर्मी मर्ग विवेचना कर केरीजुंगेरा गांव से वापस थाने लौट रहे थे. इसी दौरान मन्चुवा रोड़ में रायगढ़ा घाट के पास मोटरसाइकिल रोड में स्लिप हो गई. जिससे एएसआई और आरक्षक सड़क पर गिर गए, जिसके बाद पुलिस की टीम में दोनों को डौंडीलोहारा हॉस्पिटल लाया. जहां डक्टरों ने एएसआई चन्द्रवंसी को मृत घोषित कर दिया. मामले में डौंडीलोहारा पुलिस जांच कर रही है. घायल आरक्षक का नाम दिलीप कुमार पिस्दा बताया जा रहा है. जिसे हादसे में मामूली चोट आई है, जिसका इलाज डक्टरों ने किया गया.

### सेना के हेलीकाप्टर से पोलिंग टीम रवाना

**जगदलपुर,4 नवंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के पहले चरण की सीट कोंटा विधानसभा क्षेत्र में पहला मतदान दल हेलीकाप्टर से रवाना हुआ। सुबह 8.30 बजे सेना के एमआई 17 हेलीकाप्टर से रवाना हुए। इस दौरान हेलीपेड में सीआरपीएफ डीआइजी अरविंद राय, कलेक्टर हरीश एस व एसपी किरण चव्हाण पहुंचे थे। जहां उन्होंने मतदानकर्मियों का हौसला अफजाई की। शनिवार सुबह 4 बजे जिला मुख्यालय के पालिटेक्निक कालेज (स्ट्रांग रूम) से चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी। मतदानकर्मियों को सुबह मतपेटी आवंटित की गई। उसके बाद बसों के माध्यम से पुलिस लाइन हेलीपेड लाया गया, जहां सुबह 8.30 बजे सेना के एमआई 17 हेलीकाप्टर से मतदान केंद्र के भेजा गया। बता दें कि नक्सली चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं। जिसके मद्देनजर सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कोंटा विधानसभा के 233 मतदान केंद्र जिसमें 42 मतदान केंद्र के लिए दल को हेलीकाप्टर से भेजा जाएगा। दो दिन में 42 मतदान दल को भेजा जाएगा।

## बीजेपी की सरकार बनते ही तेजी से गरीबों को मिलेगा घर

# कांग्रेस ने 'महादेव' को भी नहीं छोड़ा: मोदी

**दुर्ग,4 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भाजपा के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुर्ग जिले के रविशंकर मैदान में बड़ी जनसभा को संबोधित किये. भाजपा ने इस कार्यक्रम को 'विजय संकल्प महारैली' का नाम दिया है. पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा. पीमा मोदी ने मंच से कहा कि पूरा छत्तीसगढ़ कह रहा है भाजपा आवत है. बीजेपी के घोषणा पत्र को लेकर कहा कि मैं गारंटी देता हूं. भाजपा ही छत्तीसगढ़ को संभालेगी. कांग्रेस की प्राथमिक भ्रष्टाचार, अपने चाहतों को नौकरी देना, कांग्रेस ने पीएससी में अपने बच्चों को शामिल किया. 30 टका कका आपका काम पक्का. इसलिए 30 टका सरकार से छत्तीसगढ़ छुटकारा चाहता है.

पीएम मोदी ने कहा कांग्रेस सरकार आपको लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है. महादेव एप को लेकर निशाना साधते हुए कहा इन्होंने तो महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा है. रायपुर में दो दिन पहले ही बड़ी कार्रवाई में रुपयों का ढेर मिला है. लोग कह रहे हैं ये पैसा सट्टेबाजों का है और जो उन्होंने जनता से लूटकर जमाकर रहे हैं और ये लूट का पैसा कांग्रेस के नेता अपने घर में रख रहे हैं. मीडिया में यह कहा जा रहा है इस पैसे के तार छत्तीसगढ़ के सीएम तक जा रहे हैं. जनता है सबकुछ जानती है. मोदी को तो ये



कांग्रेसी दिन रात गाली देते है. यहां के सीएम अब देश की सुरक्षा एजेंसियों को अब गाली दे रहे हैं. ये मोदी है गालियों से डरता नहीं है.

पीएससी और महादेव के घोटाले की बात करते हुए सीमेंट, चावल घोटाला जैसे कई घोटाले के नाम गिनाए. पीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद सभी घोटालों की सख्ती से जांच की जाएगी और आपका पैसा लूटने वालों को जेल भेजा जाएगा. 2014 में सरकार में आने के बाद आपके बेटे ने गरीब कल्याण को अपनी प्राथमिकता बनाया. हमने ऐसी ऐसी नीति बनाई हर गरीब अपनी गरीबी को मिटाकर मोदी का साथी बन गया. देश की सबसे बड़ी जाती एक ही जाती है वो गरीब है और जो गरीब है मोदी उसका साथी है भाई है बेटा है. हमारे कार्यकाल में 5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर हुए हैं. और गरीबों की जाती गरीबी से बाहर आ रही है. और ये राजनीतिक दल आज गरीबों की एकता को तोड़ने के लिए नई साजिश रच रहे हैं. पीएम ने कहा गरीब के लिए केंद्र सरकार जो योजना शुरू करती है उसे कांग्रेस की सरकार रोक देती है. पीएम मोदी ने कहा मैं आपको गारंटी देते हूं छत्तीसगढ़ के लाखों गरीब परिवारों को तेजी से पक्के घर मिलेंगे. मुफ्त गैस कनेक्शन, हर घर नल से जल पहुंचने का काम भाजपा की सरकार बनते ही इन कामों में तेजी आएगी.गरीब की चिंता करना मेरी धर्म है. पीएम गरीब कलयाण अन्न योजना से गरीबों को चावल दे रही है. देश के 80 करोड़ गरीबों को मुक्त अन्न देने वाली योजना को अगले पांच साल के लिए और बढ़ाएगी.

# महादेव सट्टा एप वालों से मोदी के संबंध

## पीएम बताएं क्या डील हुई है: भूपेश बघेल

**रायपुर,4 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बीच महादेव सट्टा एप पर सियासत तेज हो गई है. ईडी के आरोपों पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मामले में जवाब देना चाहिए. उन्हें बताना चाहिए कि महादेव एप वालों से आपकी डील क्या हुई। सीएम भूपेश बघेल ने सीधा आरोप लगाया है कि महादेव सट्टा एप वालों से प्रधानमंत्री का संबंध है. सौरभ चंद्राकर के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी होने के बाद गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई केंद्र सरकार ने महादेव एप पर बैन क्यों नहीं लगाया. ईडी के आरोपों पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा ईडी और आईटी के माध्यम से चुनाव लड़ रही है. दो घोषणा पत्र बीजेपी का जारी हुआ जो एक ईडी ने किया, मैं बीजेपी से पूछता हूं कि आपका दुबई वालों से क्या संबंध है.. क्यों लुक आउट सर्कुलर जारी होने के बाद उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई.. जिम्मेदारी भारत सरकार की थी. क्रोनोलोजी समझिए प्रधानमंत्री और गृह मंत्री आते हैं, ईडी आती है. ईडी और आईटी अगर यहां घूम रहे हैं तो पैसा



कैसे पहुंच गया. बघेल जी के पास देना है वहां से खबर आई है. फिर वहां से मेल आ जाता है.. जब मेल आपके पास आ जाता है तब आपके और उनके संपर्क हैं. और संपर्क है तो उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं करते..सीएम बघेल ने कहा, महादेव एप बंद क्यों नहीं हो रहा, लगातार चल रहा है. उसका मतलब प्रधानमंत्री जी आपके संबंध है और पार्टी के लोगों के संबंध हैं. आपके द्वारा लेन देन हुआ है, इसके कारण जांच नहीं हो रही. यह मेरा सीधा आरोप है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा लड़ नहीं रही केंद्रीय जांच एजेंसी लड़ाई लड़ रही है. मैने निर्वाचन से कहा जो बड़ी-बड़ी संदूकें के आ रही है प्लेन से उसकी जांच क्यों नहीं होनी चाहिए. साधारण आदमी की गाड़ी की जांच हो रही है, तब इसकी जांच क्यों नहीं होनी चाहिए. आनन फानन में आप नाम रख रहे हो. स्मृति ईरानी के ऑपरेटर वाले बयान पर सीएम बघेल ने पलटवार करते हुए कहा, भाजपा में है वह और खुलेआम करती है. कोई शर्म है या नहीं. आप जिन पर आरोप लगा रहे हैं, जो जांच करवाते हैं और जांच के बाद आपकी पार्टी में आने के बाद सब मोदीवासी पाउडर से धूल जाते हैं. सब साफ सुथरा हो जाता है.

# सत्ता में रहकर सट्टा का खेल:स्मृति

**नई दिल्ली,4 नवंबर।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस और बघेल से कुछ सवाल किए हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में रहकर सट्टा का खेल छत्तीसगढ़ कांग्रेस की हकीकत है। वहीं बीजेपी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस ने इसे बघेल की छवि खराब करने की साजिश बताया है। साथ ही पूछा है कि ऐप पर एक्शन लेने से कौन रोक रहा है



ईडी के दावे के बाद बघेल पर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा, सत्ता में रहकर सट्टा का खेल मध्य प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व का चेहरा बन चुका है। कल भूपेश बघेल जी के खिलाफ कुछ चौंका देने वाले तथ्य देश के सामने प्रस्तुत हुए हैं। असीम दास नामक एक व्यक्ति से पांच करोड़ 30 लाख से ज्यादा पैसा बरामद हुआ है। मैं आपके माध्यम से कुछ प्रश्न पूछना चाहती हूं। क्या ये सत्य है कि कांग्रेस के नेताओं को छत्तीसगढ़ में शुभम सोनी के जरिए असीम दास पैसा पहुंचाते थे क्या यह सत्य है कि शुभम सोनी के माध्यम से एक वॉयस मैसेज के जरिए असीम दास को यह आदेश दिया गया कि वो रायपुर जाएं और बघेल को चुनाव के खर्चे के लिए पैसा दें क्या यह सत्य है कि दो नवंबर होटल ट्राइटन में असीम दास से सर्च में पैसा बरामद हुआ क्या यह सत्य है कि अलग-अलग अलग-अलग बैंक अकाउंट से 15 करोड़ 50 लाख पीएमएलए एक्ट के तहत फ्रीज किया गया ये सारे प्रश्न आज मैं भूपेश बघेल और कांग्रेस नेतृत्व से कर रही हूं। एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस ने बीजेपी के आरोपों पर पलटवार किया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में भाजपा की हार निश्चित है। इसलिए बीजेपी ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

### छवि खराब करने की कोशिश: कांग्रेस

छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल पर स्मृति ईरानी के आरोपों का जवाब देते हुए वेणुगोपाल ने कहा, वे जानते हैं कि यह चुनाव एकतरफा होने वाला है। यह चुनावों में जीत के लिए भारत के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भूपेश बघेल और कांग्रेस सरकार की छवि को खराब करने की एक स्पष्ट साजिश है। एजेंसियां हर कांग्रेस नेता के दरवाजे पर हैं। हमारा केंद्र सरकार से एक आसान सा सवाल है- आपको महादेव ऐप के खिलाफ कार्रवाई करने से किसने रोका है मूल रूप से, यह दुबई से संचालित हो रहा है। यह साफतौर पर अधिकार क्षेत्र में है।

# पाकिस्तान एयरबेस में आतंकियों ने जलाए 3 लड़ाकू विमान

**इस्लामाबाद,4 नवंबर।** पाकिस्तान में एक बार फिर आतंकियों ने कहर बरपाया है. अबकी बार आतंकियों ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत स्थित मियांवाली वायुसेना के बेस पर हमला किया है. आतंकियों ने तीन लड़ाकू विमानों को जला दिया है, वहीं सुरक्षा बल के साथ हुई गोलीबारी में 3 आतंकी मारे गए हैं. तहरीक-ए-जिहाद नाम के आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है. पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी बयान में बताया गया कि 4 नवंबर को तड़के पाकिस्तान वायु सेना का मियांवाली ट्रेनिंग एयर बेस एक असफल आतंकवादी हमले को कोशिश की है. सैनिकों द्वारा तत्काल की गई जवाब कार्रवाई से हमले को नाकाम कर दिया गया, जिससे कर्मियों और संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई. सुरक्षाकर्मियों ने असाधारण साहस का परिचय देते हुए 3 आतंकवादियों को बेस में घुसने करने से पहले ही मार गिराया गया, जबकि बचे हुए 3 आतंकवादियों को सैनिकों द्वारा घेर लिया गया है. सेना के बयान के मुताबिक, हमले के दौरान पहले से ही ज़मीन पर खड़े तीन लड़ाकू विमानों और एक ईंधन बाउज़र को नुकसान पहुंचा है. क्षेत्र को पूरी तरह से खाली कराने के लिए एक व्यापक अभियान चलाया गया है.

तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) के प्रवक्ता मुल्ला मुहम्मद कासिम ने मियांवाली के एयरबेस पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है. टीजेपी ने दावा किया है कई आत्मघाती हमलावर भी इसमें शामिल हैं. स्थानीय निवासियों ने हमले की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो फुटेज पोस्ट किए हैं. आतंकवादी समूह ने यह भी दावा किया है कि उसने बेस पर मौजूद एक टैंक को भी नष्ट कर दिया है.

# भूकंप से भीषण तबाही, 154 लोगों की मौत

## दिल्ली में भी महसूस किए गये झटके

काठमांडू,4 नवंबर। नेपाल में बीती रात आए भूकंप ने भीषण तबाही मचाई है। अब तक मरने वालों की संख्या 70 पहुंच गई है। जाजरकोट में मलबों से 36 शव निकाले जा चुके हैं। रूकुम पश्चिम जिले में अब तक 36 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है। भूकंप प्रभावित इलाकों का दौरा करने के लिए प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' खुद हेलिकॉप्टर से रूकुम और जाजरकोट की तरफ जाने वाले हैं।

झटके दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में महसूस किए गए। रात 11.32 बजे (स्थानीय समय 11.47 बजे) आए भूकंप का केंद्र जाजरकोट जिले के लामिडांडा क्षेत्र में था। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने कहा कि भूकंप का केंद्र 10 किमी की गहराई पर था। जाजरकोट, काठमांडू से लगभग 500 किलोमीटर पश्चिम में है। भूकंप का झटका महसूस होते ही काठमांडू में लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। पड़ोसी रुकुम पश्चिम जिले के एक पुलिस अधिकारी नामराज भट्टाराई ने रॉयटर्स को बताया कि हमने रिपोर्ट की पुष्टि की है कि आथबिस्कोट गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई है और भी मौतों की खबरें हैं। अधिकारी ने कहा कि हालांकि इसकी पुष्टि नहीं कर सकते। रॉयटर्स के मुताबिक, जाजरकोट में मीडिया फुटेज में बहुमंजिला ईंट के मकानों के टूटे हुए हिस्से दिखाई दे रहे हैं। निवासियों ने बताया कि झटके पड़ोसी जिलों और काठमांडू तक महसूस किए गए। नेपाल के रुकुम जिले के एक पुलिस अधिकारी नमराज भट्टराई ने क्को टेलीफोन पर बताया कि कम से कम 20 लोग मारे गए हैं. इसके अलावा नेपाल के स्थानीय अधिकारी हरीश चंद्र शर्मा ने रॉयटर्स को बताया कि वे जजरकोट में भूकंप के केंद्र पर कोई संपर्क नहीं हो रहा है. हालांकि, जिले में 17 लोगों की मौत की खबर है. वहीं 20 लोगों को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया है. दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। रात में करीब 11.32 मिनट पर उत्तर प्रदेश, बिहार समेत उत्तर भारत के कई इलाके में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप का केंद्र नेपाल में था। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.4 आंकी गई थी। लखनऊ, पटना समेत देश के कई इलाकों में लोग भूकंप के झटकों के बाद घरों से बाहर निकल आए थे।



# स्केच बनाने वाली लड़की को पी.एम मोदी ने लिखी चिट्ठी

**कांकेर,4 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस बच्ची को चिट्ठी लिखी है, जो पीएम की एक रैली में



पहुंची थी. वह हाथों में प्रधानमंत्री की स्केच लेकर खड़ी थी जब उनकी नजर उस बच्ची पर पड़ी. प्रधानमंत्री ने उस बच्ची की काफी सराहना की थी और कहा था कि वह उसे चिट्ठी लिखेंगे! प्रधानमंत्री ने अपनी चिट्ठी में कहा, कांकेर के कार्यक्रम में आप जो स्केच लेकर आई थीं वह मुझ तक पहुंच गया है. इस स्नेहपूर्ण अभिव्यक्ति के लिए बहुत - बहुत धन्यवाद. पीएम ने आगे कहा, भारत की बेटियां ही देश का उवल भविष्य हैं. आप सभी से मिलने वाला यह स्नेह और अपनापन राष्ट्र की सेवा में मेरी ताकत है. हमारी बेटियों के लिए एक स्वस्थ, सुरक्षित और सुविधाओं से युक्त राष्ट्र का निर्माण ही हमारा लक्ष्य रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों से मुझे हमेशा बहुत प्यार मिला है. देश की तरक्की की राह में भी प्रदेश के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया है. अगले 25 साल आप जैसे युवा साथियों और देश के लिए महत्वपूर्ण रहने वाले हैं! प्रधानमंत्री ने अपनी चिट्ठी में कहा, इन वर्षों में हमारी युवा पीढ़ी विशेष रूप से आप जैसी बेटियां, अपने सपनों को पूरा करते हुए देश के भविष्य को नई दिशा प्रदान करेंगी. आप खूब पढ़े, आगे बढ़ें और अपनी सफलताओं से परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करें।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिट्ठी लिखने का किया था वादा**-छत्तीसगढ़ में एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक युवा लड़की पर मोहित हो गए थे. सराहना करते हुए पीएम मोदी ने कहा था, मैंने आपका शास्त्र देखा है, आपने अद्भुत काम किया है. बच्ची काफी देर तक प्रधानमंत्री का स्केच लेकर खड़ी थी, जब पीएम ने उन्हें बैठने की सलाह दी. इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने उनके करीबियों से पूछताछ की. प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे बच्ची से स्केच रिसीफ कर लें और उन तक पहुंचा दें. पीएम ने लड़की से उसका पता पूछा और उसे बताया कि वह उन्हें चिट्ठी लिखेंगे!

# गठबंधन साथियों को धोखा देने वाली पार्टी है कांग्रेस: अखिलेश

**नई दिल्ली,4 नवंबर।** इंडिया गठबंधन में बिखराव का एक और अध्याय सामने आ गया है। हम आपको बता दें कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच मतभेद इतने गहरा गये हैं कि इसका असर लोकसभा चुनावों में दोनों दलों के गठबंधन पर पड़ सकता है। हम आपको बता दें कि समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांगेस पर उनकी पार्टी को 'जातिवादी और वंशवादी' बताने के लिए निशाना साधते हुए कहा है कि कांग्रेस अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जैसी ही भाषा बोल रही है। अखिलेश यादव ने साथ ही यह भी कहा है कि यह तो अच्छा हुआ कि हमें पहले ही कांग्रेस की मंशा का पता चल गया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस का इतिहास गठबंधन साथियों को धोखा देने वाले का रहा है। अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी में कांग्रेस की ओर से सेंध लगाये जाने पर भी नाराजगी जताई।

हम आपको बता दें कि अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए सपा का प्रचार करते हुए छतरपुर जिले के चंदला में कहा, ''यह कांग्रेस ही थी जिसने मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सपा के साथ गठबंधन करने से इंकार कर दिया।'' यादव ने कहा, ''कांग्रेस कहती है कि सपा 'जातिवादी और वंशवादी' पार्टी है, तो फिर उसमें और भाजपा में क्या अंतर है वे दोनों एक ही भाषा बोलते हैं।'' अखिलेश यादव ने कहा कि वंशवादी राजनीति हर पार्टी में मौजूद है। उन्होंने कहा कि जो भी सामाजिक न्याय की बात करेगा उसे जातिवादी होने का आरोप झेलना पड़ेगा। राज्य में कांग्रेस द्वारा सपा उम्मीदवारों की खरीद-फरोख्त पर यादव ने कहा, ''यह उनके इरादों को दर्शाता है...उन्हें ऐसा करने दीजिए। मध्य प्रदेश के लोगों ने देखा है कि यह कांग्रेस ही थी जिसने गठबंधन को खारिज कर दिया था।'' हम आपको बता दें कि अखिलेश यादव चंदला में पार्टी प्रत्याशी पुष्पेंद्र अहिरवार



के समर्थन में एक आमसभा को संबोधित करने आये थे। जनसभा को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि कुछ दल सपा को जातिवादी कह रहे हैं, लेकिन ÷समाजवादी कभी भी जातिवादी नहीं हो सकते क्योंकि वे सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास करते हैं।÷ उन्होंने आश्वासन दिया कि जब भी सपा सत्ता में आएगी या उसके समर्थन से राज्य में सरकार बनेगी, तो सबसे पहले जातीय जनगणना कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि चंदला की जनता ने दो बार सपा प्रत्याशियों को आशीर्वाद दिया है और इस बार भी वह उसकी जीत सुनिश्चित करेगी। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के बारे में सपा प्रमुख यादव ने कहा कि इस पर लोकसभा चुनाव के समय चर्चा की जाएगी, क्योंकि केवल पीडीए (पिछड़ा, दलित और आदिवासी) की ताकत ही भाजपा को हरा सकेगी। उन्होंने एक प्रश्न पर चुटकी लेते हुए कहा कि कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार कमलनाथ बुजुर्ग हैं, लेकिन सत्तारुढ़ भाजपा के पास मध्य प्रदेश में संभागों की संख्या से अधिक मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हैं। चुनाव के बाद किसी पार्टी को समर्थन देने पर यादव ने कहा कि वह केवल उसी पार्टी को समर्थन देने पर विचार करेंगे जो जातीय जनगणना कराएगी। हालाँकि, यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उस बयान पर टिप्पणी करने से परहेज किया कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में कुछ भी नहीं हो रहा है, उन्होंने कहा कि वह इस बारे में बाद में बात करेंगे। सपा प्रमुख यादव ने कहा, ''भाजपा भी अब पिछड़े वर्गों को अधिक टिकट देने की बात कर रही है। यह मानसिकता में बड़े बदलाव को दर्शाता है। यहां तक कि कांग्रेस, जिसने आजादी के बाद जातीय जनगणना कराना बंद कर दिया था, अब इसके बारे में बात कर रही है...इसका मतलब है कि उन्हें पीडीए की ताकत का एहसास हो रहा है।'' दलित या पिछड़े वर्ग के किसी सदस्य को मुख्यमंत्री बनाने के चुनावी वादे के बारे में पूछे जाने पर यादव ने दावा किया कि कांग्रेस और भाजपा दोनों कभी भी दलितों और पिछड़े वर्गों के पक्ष में निर्णय नहीं लेंगी।

# छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा केंद्र सरकार का पैसा : योगी

**भानुप्रतापपुर/कांकेर,4 नवंबर।** उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भानुप्रतापपुर में चुनावी सभा लेकर भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा. उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला. सीएम योगी ने कहा, कांग्रेस को, भ्रष्टाचार को दफन करने का अवसर आया है. भाजपा ने छत्तीसगढ़ बनाया, भाजपा की संवारेगी. सीएम योगी ने कहा, खदान में



भ्रष्टाचार के बाद विभिन्न योजनाओं में भ्रष्टाचार की शिकायत मिली है. काग्रेस के पार्टनर ने बिहार में चारा घोटाला किया, छत्तीसगढ़ सरकार ने गोबर घोटाला कर दिया. कांग्रेस लव जिहाद के लिए वर्ग विशेष को उपद्रव करने का संरक्षण देती है. धर्मांतरण की गतिविधियों को प्रश्रय दे रही है. यहां के नागरिकों को विकास से दूर कर रही है. योगी ने कहा, हम घर तक नल से पेय जल पहुंचाएंगे. छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार का पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा. माइनिंग का पैसा छत्तीसगढ़ में लगना चाहिए था वह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया. कांग्रेस विकास नहीं सत्ता को अपनी बपौती समझती है. छत्तीसगढ़ को विकास का गढ़ बनना चाहिए. उन्होंने कहा, कांग्रेस समस्या का नाम है. कांग्रेस नक्सलवाद आतंकवाद की जन्मभूमि है. अउ नई सहिबो, बदल के रहिबो के साथ योगी ने अपने उद्बोधन का समापन किया.

किसी भी देश में जब दो पक्षों के बीच युध्द होता है तो उसका भी एक नियम होता है,सामने वाला जिस हथियार से लड़ रहा होता है, जवाब में उसी तरह के हथियार से लड़ना पड़ता है. ऐसा नहीं करने पर सैनिकों के मारे जाने से युध्द हार जाने का खतरा होता है। अगर सामने वाला धनुष चला रहा है तो जवाब में धनुष चलाना पड़ता है। अगर धनुष चलाने वाले से कोई तलवार से लड़ेगा तो मारा जाएगा, हार जाएगा। लोकतंत्र में चुनाव भी किसी युध्द से कम नहीं है। इसे जीतने के लिए भी कई तरह के हथियारों को उपयोग किया जाता है। अगर सामने वाला एक से एक वादे जनता से कर रहा है, जनता का वोट लेने के लिए जरूरी हो जाता है कि दूसरा पक्ष भी वैसे ही वादे करे। इस बार कांग्रेस पहले बड़ी बड़ी घोषणाएं कर भाजपा को चिढ़ा रही थी देखो भाजपा अब तक एक भी घोषणा नहीं कर सकी है। उसकी स्थिति तो ऐसी हो गई है कि वह कोई घोषणा नहीं कर सकती। भाजपा ने कांग्रेस की उन तमाम घोषणाओं के जवाब में जो घोषणा की है वह कांग्रेस से ज्याद है। जैसे कांग्रेस ने कहा कि वह किसानों का प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदेगी तो भाजपा ने घोषणा की है कि वह 21 क्विंटल धान खरीदेगी। कांग्रेस ने कहा कि वह धान 2800 रुपए में खरीदेगी तथा सरकार बनने पर धान का मूल्य 3600 सौ हो सकता है। जवाब में भाजपा ने सीधा कहा है कि वह तीन हजार में रुपए में किसानों का धान खरीदेगी तथा पैसा भी एकमुश्त देगी। तेंदूपत्ता बोनस कांग्रेस ने 4000 देने का वादा किया तो भाजपा ने सीधा4500 देने की घोषमा की है। मजदूरों को कांग्रेस ने 10 हजार रुपए देने की घोषणा की है तो भाजपा ने भी 10 हजार रुपए देने की घोषणा की है। कांग्रेस ने महिलाों को सीधा पैसा देने की कोई घोषणा नहीं की है तो भाजपा

## संपादकीय

# भाजपा का जवाबी घोषणापत्र

ने विवाहित महिलाओं को साल में 12 हजार रुपए देने की घोषणा की है। इसी तरह लड़की पैदा होने पर रीनी दुर्गावती योजना में डेढ़ लाख रुपए देने की घोषणा की है। युवाओं के लिए मुफ्त बस सेवा सहित कई योजनाओं की घोषणा कर भाजपा ने कांग्रेस के ऐसा जवाब दिया है कि जिसकी कांग्रेस को उम्मीद नहीं थी। कांग्रेस को उम्मीद नहीं थी कि भाजपा उसकी पिच पर खेलने उतरेगी और ऐसा तगड़ा जवाब देगी। भाजपा ने ऐसा कर दिखाया है तो इसलिए कि वह जानती है कि यही सबसे अच्छा मौका है कांग्रेस को हराने को क्योंकि कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के बहुत से आरोल लगे हैं। यही उसकी कमजोरी है। इसी कमजोरी पर भाजपा ने चोट कर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है। भाजपा का घोषणा पत्र यदि नहले पर दहला है तो ईडी का यह दावा करना कि महादेव एप के प्रमोटर ने सीएम भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपए दिए हैं। ईडी का अब तक का सबसे बड़ा हमला है। इसका सीधा फायदा भाजपा को होगा। क्योंकि वह तो आरोप लगाती रही है कि भ्रष्टाचार का पैसा कहां जा रहा है। इससे पहले ईडी ने सीधा भूपेश बघेल पर कोई आरोप नहीं लगाया था, क्योंकि उसके पास कोई ऐसा सबूत नहीं था। अब उसके पास जरूर ऐसा कोई सबूत है तब ही वह सीधे भूपेश बघेल पर आरोल लगा रही है। भूपेश बघेल जानते थे कि एक दिन ऐसा आ सकता है कि ईडी को उनके खिलाफ कोई सबूत मिलेगा तो वह सीधा आरोप लगाएगी। इसके जवाब में भूपेश बघेल ने ईडी को ही सवालों के कठघरे में निरंतर खड़ा किया ताकि वह कह सके कि वह तो पहले से कह रहे थे कि ईडी ऐसा करेगी। चुनाव में ईडी भाजपा की मदद करेगी। हकीकत में भूपेश बघेल के पास ईडी का कोई तोड़ नहीं था, यही वह भाजपा के सामने कमजोर पड़ रहे थे लेकिन उन्होंने राज्य के लोगों को संदेश देने की कोशिश की है कि ईडी जो कुछ कर रही है गलत कर रही है। भाजपा व ईड़ी ने गेंद कांग्रेस आलाकमान के पाले में डाल दी है, अब आलाकमान भूपेश बघेल को नहीं हटाता है तो कहा जाएगा कि भ्रष्टाचार के आरोप से बाद भी नहीं हटाया जा रहा है तता हटा दिया जाता है तो माना जाएगा कि ईडी का दावा सही है।

# सावधान! ये सड़कें सीधे यमलोक पहुंचा देती हैं!

**गंभीर समस्या**

**मनोज कुमार अग्रवाल**



**सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण निर्धारित गति से भी तेज चालन, नशे में गाड़ी चलाना और यातायात नियमों का अनुपालन न करना बताया गया है। सड़क हादसों को लेकर वाहन चालकों को जागरूक करने की ज़रूरत बतलाई गई है। उनके लिये शैक्षणिक व प्रशिक्षण अभियान भी आवश्यक बताये गये हैं।**

भारत में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों की संख्या में लोग अपनी जान गवां देते हैं। भारत सड़क दुर्घटना में जान गंवाने के मामले में दुनिया में पहले स्थान पर है अमेरिका और चीन समेत दुनिया के सभी देश हमसे पीछे हैं। भारत में सड़क हादसे अपने आप में एक गंभीर समस्या है। अभी हाल ही में भारत में कई सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें कई लोगों की जान चली गई।वर्ल्ड बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत में दुनिया के केवल एक फीसदी वाहन हैं, इसके बावजूद पूरे विश्व में होने वाले हादसों का 11 फीसदी देश में ही घटित होते हैं। यहां स्वीडन का जिक्र जरूरी है पिछले साल सड़क हादसों में करीब 250 मौतें ही स्वीडन में हुईं, लेकिन देश इस आकड़ें से भी दुखी है और वह आने वाले सालों में इन आंकड़ों को भी वो खत्म करना चाहता है। यही कारण है कि विज़न ज़ीरो का सपना स्वीडन ने देखा है एक जरूरी कदम उठाने होंगे। सड़कें न केवल सुरक्षित हो वरन वाहनों की स्थिति भी ठीक होना चाहिये तथा वाहन चालन भी दोषरहित हो तभी सड़क यातायात को सुरक्षित कर नागरिकों के अमूल्य जीवन बचाये जा सकते हैं। हर वर्ष राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस विभागों द्वारा ऐसी रिपोर्ट जारी होती है। साल 2022 के आंकड़े सड़क दुर्घटनाओं और उनके चलते होने वाली मौतों की संख्या व घायलों की तादाद में बड़ी बढ़ोतरी को दर्शाते हैं। ये आंकड़े एशिया पेसिफिक रोड एक्सीडेंट डाटा के अंतर्गत जारी किये गये हैं। इसके अनुसार साल 2022 के दौरान देश भर में 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुई। इनमें 1,68,491 लोगों की मौत हुई और 4,43,366 लोग घायल हुए। उसके पहले साल की तुलना में दुर्घटनाएं 11.9 प्रतिशत बढ़ी हैं। 9.4 फीसदी अधिक लोगों की मृत्यु हुई जबकि घायलों की संख्या के लिहाज से यह



15.3 प्रतिशत की वृद्धि है।

आपको बता दें कि रिपोर्ट में सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण निर्धारित गति से भी तेज चालन, नशे में गाड़ी चलाना और यातायात नियमों का अनुपालन न करना बताया गया है। सड़क हादसों को लेकर वाहन चालकों को जागरूक करने की ज़रूरत बतलाई गई है। उनके लिये शैक्षणिक व प्रशिक्षण अभियान भी आवश्यक बताये गये हैं। सवाल तो यह है कि कुछ वर्षों पहले भारत सरकार ने नियम तोड़ने वालों के लिये बड़े जुर्माने निर्धारित किये थे। विशेषज्ञों ने तभी यह राय जाहिर की थी कि भारी-भरकम आर्थिक दण्ड की बजाय जागरूकता बेहतर उपाय है। मंत्रालय का यह भी दावा रहा है कि सड़क हादसों को रोकने के लिए कई तरीके अपनाए जा रहे हैं जिनमें मंत्रालय द्वारा वाहन चालकों को प्रशिक्षण देना आदि शामिल है। इसके अलावा वह सड़कों की गुणवत्ता, वाहन के मानक, यातायात नियमों का कड़ाई से अमल सहित दुर्घटनाओं की रोकने के अन्य पहलुओं पर काम करने का दावा भी करती रही है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा मिलकर काम करने की ज़रूरत भी बतलाई गई है। मंत्रालय ने कई अन्य संबंधित संगठनों के साथ मिलकर इन्हें रोकने की ठानी है। इस कार्यक्रम को फोर ई नाम दिया गया है, जिसमें शिक्षा, इंजीनियरिंग , प्रवर्तन और आपातकालीन देखभाल शामिल हैं। मंत्रालय का यह भी दावा है कि वह सड़क सुरक्षा ऑडिट कराने जा रही है। इस क्षेत्र में कई तरह के शोध, अध्ययन आदि भी किये जा रहे हैं ताकि सड़कों को पूर्णतः सुरक्षित बनाया जा सके।

भारत है जहां करीब दो लाख लोग हर साल सड़क हादसों में अपनी जान गंवा रहे हैं और किसी के माथे पर कोई चिंता की लकीर तक नहीं है ।

एक और तो भारत सरकार सड़क यातायात को सुगम और सुरक्षित साबित करने के बड़े दावे करती है परन्तु वास्तविकता यह है कि भारतीय सड़कें बेहद असुरक्षित हैं जो हर रोज न जाने कितने लोगों के जीवन को लील रही है और लोगों को घायल कर रही हैं। इनमें से बड़ी संख्या में ऐसे भी हैं जो आजीवन विकलांग या शारीरिक रूप से पूरी तरह असमर्थ हो जाते हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा भारत में 2022 के दौरान होने वाले सड़क हादसों को लेकर जो वार्षिक रिपोर्ट जारी की गई है वह बेहद चिंताजनक है। स्थिति की गम्भीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत में कहीं न कहीं औसतन हर घंटे 53 दुर्घटनाएं होती हैं जिनमें 19 लोगों की मौत हो जाती है यानि प्रतिदिन करीब 240। ये चिंता जनक आंकड़े चेतावनी के रूप में लिये जाने चाहिये और इन दुर्घटनाओं को टालने के लिये

यहां बता दें कि मौजूदा रिपोर्ट बहुत ही चेतावनी भरी है। इसलिये सरकार चाहिये कि वह सभी आवश्यक कदम उठाये। सरकारों की रुचि केवल सड़कों के अनावश्यक रूप से चौड़ीकरण और फोर लेन या सिक्स लेन बनाने में रहती हैं। ये सड़कें परिवहन का समय घटाने और हादसों को रोकने के नाम पर चौड़ी तो कर दी जाती हैं लेकिन दुर्घटनाओं में कोई कमी नहीं हो पाती। सफर में लगने वाला वक्त जरूर घट जाता है। परन्तु वह इकलौता लाभ पर्याप्त नहीं है। देखा यह भी गया है कि वाहन चलाने वाले और रास्तों पर चलने वाले कोई भी सुरक्षित नहीं है। यहां तक कि रास्तों के किनारे रहने वाले भी दुर्घटनाओं की आशंका में जीते हैं। हाल के वर्षों में वाहनों की गुणवत्ता भी काफी सुधरी है परन्तु यह भी सच है कि उसकी गति में भी इजाफा हुआ है। तिस पर बेहतरीन व चौड़ी सड़कें पाकर वाहनों को फर्राटा गति से दौड़ाने का लालच भी बढ़ा है। समस्या यह है कि सड़कों पर चलने-चलाने का शकर अब तक भारत के लोगों में विकसित हो नहीं पाया है। सरकार की लगता है कि केवल बड़ी राशि का जुर्माना ठोंककर समस्या से निजात पाया जा सकता है। कुछ बड़े व अनुशासनप्रिय शहरों में तो यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर निगरानी रखी जाती है लेकिन छोटे शहरों, कस्बों व गांवों में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि लोगों को नियमों का पालन करने के लिये प्रेरित या बाध्य किया जा सके। परिवहन व यातायात के तमाम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सड़कों पर वाहन दौड़ते नज़र आते हैं। हेलमेट व सीट बेल्ट लगाये बिना वाहन दौड़ते हैं, बाई ओर चलना अब तक देश ने सीखा ही नहीं, गलत ओवरटेकिंग करना व कट मारना लोगों का खास शगल है। निर्धारित संख्या से अधिक लोगों को ठूंसकर वाहन चलते हैं। निर्धारित गति से अधिक तेज रफ्तार के कारण सड़क के किनारे पलटी हुई गाड़ियां और उनके कारण मरने वाले व घायल होते लोगों के मंजूर स्वयं ही बतलाते हैं कि भारतीय सड़कें कितनी असुरक्षित हैं। गडकरी बताऐं कि क्या उनके मंत्रालय ने किसी एक्सप्रेस हाइवे पर किसी आपात स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा देने के लिए कोई अस्पताल या ट्रामा सेंटर खोला? नहीं उनकी सोच सिर्फ जुर्माना राशि बढ़ाने तक सीमित रही। उन्हे नहीं अहसास है कि सारा देश न्यूयार्क या मुंबई नहीं है यहां आम आदमी भी सड़क पर चलते हैं और दिन रात हैवी जुर्माना की आड़ में पुलिस की खुली लूट का शिकार बन रहे हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आपके लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप लक्ष्य को पाने के लिए एक्टिव रहेंगे ताकि कोई भी मौका चूक न जाए। जो लोग व्यापार करते हैं या जो नौकरी करते हैं, उनके करियर में उत्तम परिणाम मिलने के योग हैं। आज आपको जो भी काम मिलेगा, उसे आप अच्छी तरह तय समय पर पूरा कर दिखाएंगे। जिससे कार्यक्षेत्र में आपकी सराहना होगी और यह आपके व्यवसाय और नौकरी दोनों में अच्छे परिणाम देने वाला साबित हो सकता है।

वृष राशि : आज का दिन आपको लाभ दिलाने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं से निपटने का रास्ता ढूंढ लेंगे और अपनी सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेंगे। आपके कारोबार में बढ़ोतरी के योग हैं। व्यापार अच्छा चलेगा। आपके प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। नौकरी या किसी कंपटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए कोई शुभ समाचार मिल सकता है साथ ही आपको स्वास्थ्य के मामले में सचेत भी रहना चाहिए।

मिथुन राशिःआज आपका दिन उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको भाग्य का साथ मिलेगा। साथ ही आपके निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी। आपको नौकरी में पदोन्नति के साथ ट्रांसफर होने की संभावना है। जो नौकरी ढूंढ रहे हैं उन्हें अच्छी नौकरी मिलने के योग हैं। व्यापार में लाभ के संकेत हैं, आमदनी बढ़ेगी जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में कोई शुभ कार्य सम्पन्न होने से घर का माहौल उल्लास से भरा रहेगा।

कर्क राशिःआज आपको अपने मनचाहे काम में सफलता मिल सकती है। नौकरी में आज संभव है, आपको किसी अच्छी जगह ट्रांसफर मिल जाए जहां जाने की आप लंबे समय से उम्मीद कर रहे थे। व्यवसाय कर रहे लोगों को कुछ अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आर्थिक लाभ भी मिलेगा। पारिवारिक स्तर पर तालमेल बना कर रखना चाहिए जिससे घर का माहौल खुशनुमा रहेगा और दाम्पत्य जीवन में अच्छे परिणाम मिलेंगे। संतान संबंधी मामलों में कोई अच्छी खबर मिलेगी, जिससे तरक्की के अवसर मिलेंगे।

सिंह राशिःआज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा। आज किसी धार्मिक समारोह में हिस्सा लेंगे और ज्यादा लोगों से आपके संपर्क जुड़ेंगे, जो भविष्य में लाभकारी सिद्ध हो सकता है और आपके व्यवसाय के लिए भी फायदेमंद रहेगा जिससे आपकी स्थिति में सुधार होगा। नौकरी में किसी प्रोजेक्ट के लिए यात्रा हो सकती है। आज अपना पूरा ध्यान काम पर लगाएंगे। आज परिवार में कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशी का माहौल होगा, बच्चों में उत्साह बढ़ेगा परन्तु पढ़ाई को लेकर थोड़े चिंतित भी हो सकते हैं।

कन्या राशिःआज आपको किसी तरह के कानूनी मामलों में दोस्तों की मदद मिलेगी और आपकी समस्याओं का समाधान होगा। आपके प्रयासों की सराहना की जाएगी, जो आपको किसी तोहफे की तरह महसूस करा सकता है। नौकरी में आपकी कार्यक्षमता के लिए अधिकारियों से पुरस्कार भी मिल सकता है। आपका उत्साह बढ़ेगा और दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी। व्यावसायिक कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं। आर्थिक लाभ होंगे पर कुछ खर्चे भी बढ़ सकते हैं।

तुला राशिःआज आपका मन शांत रहेगा और मन में नए-नए विचारों का समावेश होगा। यदि आंखों या गले की कोई समस्या लग रही है तो भ्रामरी प्राणायाम करें और नित्य ठंडे पानी से आंखों को धोने की आदत डालें, लाभ मिलेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज का दिन शुभ समाचार लेकर आ सकता है। यदि आप नौकरी करते हैं तो टीम के सदस्यों से किसी प्रकार की समस्या की संभावना है परन्तु धैर्य से काम लेने पर मुश्किलें सुलझ जाएगी। इस राशि के जो जातक परीक्षा की तैयारी कर रहे उनको अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए।

वृश्चिक राशिःआज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको नौकरी में खुद को साबित करने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत पड़ेगी। इस तरह आप अपनी स्थिति मजबूत कर पायेंगे और आपके प्रमोशन की बात पक्की हो सकती है। बिजनेस के क्षेत्र में उतार चढ़ाव आ सकते हैं परन्तु विदेशी संपर्कों से लाभ मिलेगा और व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। लेनदेन के मामलों में सावधानी बरतें। अपने जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए कहीं घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं। लवमेट्स के लिए आजका दिन अच्छा है रिश्ते मजबूत होंगे।

धनु राशिःआज आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे आपको खुशी मिलेगी और आप कहीं की यात्रा का प्लान बनाएंगे। नौकरी में बदलाव के लिए सोच सकते है यह आपके लिए अच्छा रहेगा सैलरी में बढ़ोतरी होगी। व्यापार को आगे बढ़ाने के मौके मिलेंगे, नये लोगों के संपर्क से लाभ मिलेगा और आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। आपको अपने वैवाहिक और प्रेम संबंधों में मधुरता बनाएं रखने के लिए वाणी और व्यवहार में संयम रखना चाहिए।

मकर राशिःआज का दिन आपके करियर में बदलाव लेकर आ सकता है। आप नौकरी बदलने के बारे में सोच सकते हैं। नौकरी के लिए प्रयास करेंगे और सफल होंगे। व्यापार से जुड़े लोगों को बिजनेस बढ़ाने के मौके मिल सकते हैं। आमदनी बढ़ेगी और आप धन संचय करने में कामयाब रहेंगे लेकिन स्वास्थ्य मामलों पर कुछ खर्चे हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन सामान्य रहेगा। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है यदि आप किसी प्रतियोगी परीक्षा देने की तैयारी कर रहे हैं तो परिणाम अच्छे रहेंगे।

कुंभ राशिःआज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। नौकरी में अपनी मेहनत से धन कमाने में कामयाब रहेंगे। व्यापार में लाभ की संभावना है आमदनी बढ़ सकती है आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। लवमेट्स के लिए दिन अच्छा है आपसी सूझबूझ से रिश्ते को आगे बढ़ाने प्रयास करेंगे। वैवाहिक जीवन सामान्य रहेगा। विद्यार्थियों के लिए नये साल में आज का दिन खुशखबरी लेकर आएगा पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे, बच्चों की मेहनत कामयाब होगी और परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करेंगे।

मीन राशिःआज आपका दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको आपकी मेहनत से नौकरी में अच्छे नतीजे प्राप्त होंगे आपकी सराहना होगी और पदोन्नति का मौका मिल सकता है। आपके निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी। बिजनेस में तरक्की होगी, आपको समाज के वरिष्ठ अनुभवी लोगों से आज सहयोग मिल सकता हैजो आपके करियर के लिए लाभकारी होगा। आर्थिक स्थिति सामान्य से कुछ अच्छी रहेगी। उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सफलता मिल सकती है।

## व्यंग्य

# अरे ओ बब्बा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

दो साहित्यकार की रचनाओं का शेयर मार्केट ठंडा पड़ा था। पाठक उन्हें पूछ नहीं रहे थे। दोनों एक दूसरे से इसी मुद्दे पर बातचीत करते हैं। पहले साहित्यकार ने दूसरे से कहा - ऐसा है मित्र कि अब अपनी लेखनी में कुछ है नहीं किसी को देने के लिए, देख ही रहे हो कि हिन्दी का लेखक दो कौड़ी का नहीं रहा इस 'बे-चना' जोर-बाजार में, जिम्मेदारियों के मैदान में दम टूटा सो उसकी क्या कहें, ऐसे में बाबा बन जाना अपुन का भी अधिकार है। जन्मसिद्ध है या नहीं इस पर बालगंगाधर तिलक के विचार अलग हो सकते हैं लेकिन अधिकार तो है। असफल और निराश लोग गुफाओं में घुस कर एक नई संभावना को जन्म देते रहे हैं। जानकार बताते हैं कि वस्त्र त्यागने की अपनी पुरानी फिलॉसफी है। आपत्तियों के बावजूद नंगों के नौ ग्रह आज भी वैधानिक रूप से बलवान होते हैं। अगर एक मौका नाचीज को भी मिले तो किसी को भला क्या दिक्कत हो सकती है। लोकतंत्र में सबको दांव मारने का अवसर होता है। अच्छी बात यह है कि सब ये बात जानते हैं और इसी का नाम राष्ट्रीय जागरुकता है।



पहुँचे हुए साहित्यकारों से पता चलता है कि प्रतिस्पर्धा बहुत है और बाबालैण्ड चोर, उचक्कों, यहां तक कि हत्यारों से भी भर गया है, फिर भी आलसियों, मक्कारों के लिए कुछ जगह तो निकलती ही रही है। जबसे राजनीति में नाकाराओं के लिए स्थान और मौके बने हैं बाबाओं ने भी झन्नाट अंगड़ाइयां लेना शुरू कर दिया है। अपने यहां बारह साल में कूड़े-कचरे के दिन भी फिरने का रिवाज है तो बाबा होने को कब तक नजरअंदाज किया जा सकता था। सपना तो ये हैं कि एक दिन ऐसा भी आएगा जब संसद में कामरेडों को छोड़ कर सब बाबा ही बाबा होंगे। चुन्नी भाई आप नाराज क्यों होते हो जी, सपना तो सपना है, दिखाने वाले दिखाते रहते हैं भले ही पूरा एक न हो। इधर अबकी बार भी पांच-दस बाबा आ गए हैं अपने हठयोग से और छप्पन इंच की छाती पे मूंग जैसा कुछ दलने की जी तोड़ कोशिश में हैं। बावजूद इसके बाबाजियों को लग रहा है कि उन्होंने अभी तक देश के लिए कुछ किया नहीं सो कुछ करना चाहिए, लेकिन खुद ढंग का कुछ कर सकते तो बाबा बनने की नौबत क्यों आती। दाढ़ू बाबा को बच्चा-बच्चा पार्टी का होना मांगता। उनका कहना है कि सदस्य बनाओ वोट बढ़ाओ। सो राजनीति में आने के बाद वोट बढ़ाना उनकी प्राथमिक विवशता है। बाबा मान रहे हैं कि भारतीय जच्चाएँ बच्चे नहीं वोट पैदा करती हैं। उनके आहवान पर सारी की सारी 'वोट' जनने लगें तो संख्याबल पर सतयुग आ जाएगा। उन्हें भगवान पर पहले भी भरोसा नहीं था, अब भी नहीं है इसलिए बच्चे पैदा करने के लिए लोगों को उकसा रहे हैं। जो कभी कहा करते थे कि बच्चे भगवान की देन हैं वे अब कह रहे हैं कि खुद पैदा करो। जो प्रेम के विरोधी हैं वे बच्चों के आग्रही हैं!! प्रेम करने से संस्कृति नष्ट होती है बच्चे पैदा करने से वोट बैंक मजबूत होगा। दो से देश का विकास होने में देर लग रही है इसलिए जल्दी करो, चार करो भई। थोक में करो जी, सरकार अपनी है इसलिए डरो मत आठ-नौ-दस करो। कुत्ते-बिल्ली से सीखो या फिर बकरी से ही प्रेरणा ले लो। हो सके तो चूहों से ही सीख लो। विकास करना है तो इंसान छोड़ सब बनने की जरूरत है। भीड़ का मतलब ताकत है, इसलिए भीड़ बढ़ाओ, मक्खी-मच्छर की तरह बढ़ो। जनसंख्या विस्फोट हमारी 'विकास नीति' हैं। भारतमाता को पोल्ट्रीफार्म समझो। बच्चे राजनीति का कच्चा माल हैं। दाढ़ू बाबा के विकास की यही स्मार्ट-राजनीति है जिसमें विकास आगे बढ़ाने का नहीं, पीछे लुढकाने का नाम है। स्मार्टनेस के नाम पर पामेरेरियन पिल्ले को चूमने वाले इतनी जल्दी में हैं कि उन्हें दिख ही नहीं रहा कि उसका मुंह किधर हैं। पैंसठ साल में पैंतीस करोड़ से एक सौ पच्चीस करोड़ हो गए हैं। पता नहीं जनसंख्या है या रक्षा बजट जिसे बढ़ते जाना मजबूरी है। किन्तु सौभाग्य से देश जानता है कि उससे क्या गलती हो चुकी है। 'भेड़िया आया' की राजनीति ने भोलेभाले लोगों को अब समझदार बना दिया है।

## सम - सामयिक

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

# आचार संहिता को चिढ़ाती, चुनावी घोषणाएं



विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता लोलुप नेता येन - केन-प्रकारेण सत्ता में काबिज होना चाह रहे हैं । विधानसभा के प्रथम चरण का मतदान 7 नवंबर को होना है । छत्तीसगढ़ में पदस्थ कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के महासचिव राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव प्रचार- प्रसार की कमान संभाली है । चुनाव प्रचार के बहाने बड़े-बड़े लोक लुभावन वादे अपने घोषणा पत्र के माध्यम से कांग्रेस ने किए हैं । सबसे ज्यादा किसानों को साधने का प्रयास किया गया है ।राहुल गांधी ने तो के जी से पी जी तक शिक्षा को मुक्त करने का ऐलान भी कर दिया है ! कांग्रेस की ललचायी घोषणाओं के बाद भारतीय जनता पार्टी भी चुप बैठे रहेगी , ऐसा सोचना गलत होगा । भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी अपना घोषणा पत्र जारी करने की बात कही है । घोषणा पत्र में क्या होगा ? किसके लिए होगा ? कौन खुश तथा कौन नाराज होगा ? कुछ घंटे बाद सामने आ जाएगा । सवाल यह उठता है कि चुनाव आचार संहिता के बाद ऐसा करना आचार संहिता का उल्लंघन क्यों नहीं माना जा रहा है ? जब वाहनों की जांच के दौरान कैश से लेकर हर प्रकार की सामग्री यह मानकर जप्त की जा सकती है , कि वह मतदान को प्रभावित कर सकती है , तब घोषणाओं पर विराम क्यों नहीं ?

चुनाव से पूर्व मतदाताओं को लुभाने की नीयत से फ्री की रेवड़ियां बांटने पर निर्वाचन आयोग मौन क्यों है ? देखा जाए तो चुनाव संपन्न होने के बाद 5 वर्षों तक सत्ताधारी दल को जन सामान्य के लिए योजनाओं की याद नहीं आती ! जैसे ही नए चुनाव पास आते हैं दो सप्ताह के भीतर योजनाओं की झड़ी मानसूनी बादल की तरह बरसने लगती है ! कहने को तो आचार संहिता के बाद किसी प्रकार की घोषणा या नए कार्यों को करना नियम विरुद्ध होता है ,किंतु निर्वाचन आयोग पार्टियों द्वारा की जाने वाली लोक- लुभावन घोषणाओं पर आंख और मुंह पर पट्टी बांधे नजर आता है ! परियोजनाएं बनाना और उन्हें लागू करना राज्य सरकार का अधिकार है । मतदाता के लिए भी इसे जानना जरूरी है । वह इसलिए की परियोजनाओं का आर्थिक प्रभाव क्या होगा । यह विचारणीय है कि चुनाव जीतने के लिए घोषित मौजूदा लोक- लुभावन फ्री की रेवड़ियों की कीमत आने वाली पीढ़ी को तो नहीं चुकानी पड़ेगी ? अगली पीढ़ी का भविष्य कहीं गिरवी तो नहीं रख दिया जाएगा ? सबसे बड़ा सवाल यह की इन फ्री की रेवड़ियों वाली घोषणाओं के लिए धन कहां से आएगा ? वास्तविक रूप में देखा जाए तो अधिकांश घोषणाओं का आर्थिक आधार नींव के बिना धूल- धूसरित होता रहा है ।

निर्वाचन आयोग घोषणाओं के मामले में पूरी तरह अनभिज्ञ अथवा चुप रहता हो , ऐसा कहना भी गलत हो सकता है । कारण यह की निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के साथ विचार विमर्श का मसौदा भी तैयार किया है । मसौदे में पूछा गया है कि फ्री की घोषणाओं पर अमल करने के लिए धन कहां से अर्जित किया जाएगा ? इसे बताना भी जरूरी होगा।कोई टैक्स , सेस या किस योजना



के तहत धन अर्जित किया जाएगा ? जिससे फ्री की रेवड़ियां बांटी जा सके? इतना सब होते हुए भी आचार संहिता लगने के उपरांत निर्वाचन आयोग की चुप्पी समझ से परे है । किसी प्रदेश को तंगहाली अथवा कंगाल बनाने में फ्री की योजनाएं अहम भूमिका निभा सकती हैं । इस तरह की घोषणाओं के बाद राजनीतिक पार्टियाँ सत्ता में रहे अथवा विपक्ष में बैठे , मुफ्त की योजनाओं को लागू करना अथवा कराना मुमकिन नहीं हो पता है ! सीधे शब्दों में कहूं तो स्थिति ऐसी होती है कि न तो निगलते बनता है और न ही उगलते ! मुफ्त की योजनाओं को बंद करने अथवा ऐसी घोषणाओं पर विराम लगाने सुप्रीम कोर्ट में एक नहीं अनेक याचिकाएं लंबित हैं ! क्या हमें यह मान लेना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट भी सरकारों के आगे नतमस्तक है ? कानून के जानकार यह भी कहते नहीं थकते की अदालत के पास आदेश जारी करने की शक्ति है , किंतु आदेश के बाद किसी योजना के कल्याणकारी होने का दावा करते हुए पुनः अदालत का दरवाजा न खटखटा दिया जाए ! ऐसे में स्थिति विकट हो सकती है । यह बहस का विषय हो सकता है , कि न्यायपालिका को हस्तक्षेप क्यों करना पड़ा ?

फ्री की योजनाओं को लेकर सभी दल एक कड़ी में बंधे देखे जा सकते हैं ! हर दल चाहता है कि फ्री की रेवड़ियां बांटना जारी रहे ! इससे उनका कुछ नहीं बिगड़ता । धन आम जनता का होता है , और गद्दी उनकी सुरक्षित रहती है ! मैं एक सवाल निर्वाचन आयोग से करना चाहता हूं , कि जब सरकार के पास विकास कार्यों के लिए फंड नहीं होने का रोना रोया जाता है , तो चुनाव जीतने के लिए , ललचाई घोषणाएं और चोरी छिपे मतदाताओं को रुपए बांटकर वोट ख़रीदने के लिए फंड कहां से उपलब्ध हो जाता है ? यही बड़ा कारण है जिससे हमारी अर्थव्यवस्था लचर होती जा रही है ! देश के प्रत्येक मतदाता को यह जानने का हक है कि फ्री की रेवड़ियों या निः शुल्क गिफ्ट बांटने के लिए सरकारी अथवा राजनीतिक दल पैसे कहां से ला रही है ? अथवा लाएंगी ? देश के एक-एक करदाता को यह जानने का अधिकार है कि उसकी गाढ़ी कमाई का हिस्सा , जो टैक्स के रूप में जा रहा है , उसका उपयोग कहां और कैसे हो रहा है ? साथ ही घोषणा पत्र में लालच देने वाली पार्टी को यह बताना होगा की घोषणाओं को पूरा करने के लिए फंड कहां से आएगा ?

आज हर दल सत्ता चाहता है और सत्ता की चाहत में उसके द्वारा फ्री की रेवड़ियों की मिठास घोषणा पत्र में लपेटकर मतदाताओं को पड़ोसी जाती है ! यही वह घोषणाएं होती है जो देश अथवा प्रदेश को दिवालिया करने में अपनी भूमिका अदा करती है ! निर्वाचन आयोग ही वह ताकतवर संगठन है ,जो ऐसी राजनीतिक पार्टियों पर लगाम लगा सकता है । आने वाले लोकसभा चुनाव में यदि निर्वाचन आयोग को ऐसी शक्ति दे दी जाती है, जिससे वह चुनाव आचार संहिता के उपरांत राजनीतिक दलों द्वारा की जाने वाली लोक लुभावना घोषणाओं पर लगाम लगा सके , तो हम प्रदेश के विकास की नई तस्वीर देख सकते हैं । यदि हमारे निर्वाचन आयोग को ÷ पिंजरे का तोता ÷ बनाकर रख दिया गया तो , वह दिन दूर नहीं जब भारत वर्ष का प्रत्येक श्रीलंका बन जाएगा ! यदि हम श्रीलंका या फिर ऐसा ही कोई राष्ट्र नहीं बनना चाहते हैं , तो वित्त आयोग से लेकर नीति आयोग को फ्री की घोषणाओं पर नियंत्रण करने गौर करना होगा ।

**एक नजर**

## वाहनों की जांच के दौरान 1.50 लाख रुपए के कपड़े जब्त

**कांकेर, 4 नवम्बर ।** विधानसभा निर्वाचन के दौरान जिले के सभी रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, एसएसटी (स्थैतिक निगरानी दल) एवं एफएसटी (उड़नदस्ता दल) द्वारा वाहनों की निगरानी करते हुए लगातार जांच की जा रही है। इसी क्रम में सिंगारभाट स्थित चेक पोस्ट में दोनों ओर से आने जाने वाली वाहनों की गहन जांच की गई।

इस दौरान कपड़ों से भरी एक गाड़ी जब्त की गई, जिसमें 50 हजार रुपए की 64 स्वेटर, 70 हजार रुपए की 35 जैकेट एवं 30 हजार रुपए की 8 कोट सहित कुल 107 सामान जब्त किया गया। जब्त की गई कपड़ों की कुल अनुमानित लागत 01 लाख 50 हजार रुपए बताया गया। जांच के दौरान मौके पर नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं एसएसटी दल प्रभारी उपस्थित थे। जब्ती की कार्यवाही कर थाना प्रभारी को सुपुर्द किया गया।

## सामान्य प्रेक्षक ने कई एसएसटी चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

**कांकेर,4 नवम्बर ।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक श्री एच.जे. देसाई द्वारा विभिन्न एसएसटी चेक पोस्टों का निरीक्षण किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में आज अंतागढ़ तहसील के नवीन एसएसटी चेक पोस्ट कुहचे मोड, रावघाट थाना पुलिस चेक पोस्ट तथा लाइवलीहुड कॉलेज स्ट्रांग रूम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# दो हजार छात्रों व महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदान का संदेश

**महासमुंद,4 नवंबर।** शत प्रतिशत मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने मानव श्रृंखला बनाई गई। इसमें छात्र-छात्राओं, महिला समूह, दो हजार से अधिक महाविद्यालयीन स्कूली छात्र-छात्राएं, महिला समूह और अधिकारी-कर्मचारी सहित दिव्यांगजनों ने शामिल होकर प्रभावी संदेश दिया। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार ने अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ÷मैं भारत हूं÷ थीम सांग पर यह संदेश दिया गया। मानव श्रृंखला में दिव्यांगजनों ने शामिल होकर मतदान की शपथ ली। वहीं 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का प्रेक्षक ने गुलाल लगाकर अभिनंदन किया।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में विधानसभा महासमुंद 42 अंतर्गत मतदाता जागरुकता मानव श्रृंखला एवं रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति प्रभावी संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी जिला स्वीप समिति महासमुंद एस आलोक,




वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, प्राचार्य डॉ अनुसुईया अग्रवाल, डॉ. मालती तिवारी, डीईओ मीता मुखर्जी, समाज कल्याण उप संचालक संगीता सिंह, सीएमओ टॉमसन रात्रे सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।सामान्य प्रेक्षक भीमनवार ने कहा कि महासमुंद विधानसभा में यह आयोजन महत्वपूर्ण है। भारत देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पूरी दुनिया के लिए मिसाल है। लोकतंत्र की उन्नति से ही देश की उन्नति है। लोकशाही के इस महापर्व में सभी अनिवार्य रूप से मतदान करें। न केवल स्वयं मतदान करे, बल्कि अपने घर परिवार और अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी प्रोत्साहित करें। उन्होंने इस खास कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी और कहा कि मैं विश्वास करता हूं कि इस निर्वाचन में महासमुंद में सर्वाधिक मतदान का रिकॉर्ड कायम होगा।वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत ने कहा कि हम सही लोगों को चुने तभी देश चलेगा। 17 नवंबर को सभी शत प्रतिशत मतदान के लिए अपने घर से अवश्य निकले। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी एस आलोक ने कहा कि जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत वृहद आयोजन किए जा रहे हैं। इससे निश्चित ही मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी होगी। निर्वाचन 2023 के मद्देनजर एवं जिन मतदान केंद्रों में 70 प्रतिशत से कम मतदान हुए हैं, वहां से रैली निकालकर मिनी स्टेडियम में मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरूक करने यह कार्यक्रम किया गया है। मतदाता जागरुकता अभियान के इस महत्वपूर्ण अभियान में जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रेखराज शर्मा महासमुंद साक्षरता मिशन प्राधिकरण, राष्ट्रीय सेवा योजना, महिला स्व सहायता समूह की महत्वपूर्ण भूमिका है। नोडल अधिकारी स्वीप, समस्त कार्यक्रम अधिकारी, विकासखंड स्तर में नियुक्त नोडल अधिकारियों का योगदान रहा।

स्वयंसेवकों ने बनाई मानव श्रृंखलाविधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरुकता के लिए इंडियन कालेज आफ एजुकेशन के रासेयो के स्वयं सेवकों द्वारा एवं डा मालती तिवारी जिला नोडल अधिकारी स्वीप, सीएल निषाद कार्यक्रम अधिकारी के निर्देषन मे तथा प्राचार्य डा एस चंद्राकर के संरक्षण में मतदाता जागरुकता के लिए मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता निभाई तथा मतदान जागरुकता मानव श्रृंखला बनाकर जनमानस को मतदान के लिए प्रेरित किया। विभिन्न मतदान जागरुकता नारे भी लगाए। कार्यक्रम में बीएड एवं डीएलएड, पीजीडीसीए, डीसीए तथा बीए, बीकाम, एम हिंदी के छात्र -छात्राओं ने अहम भूमिका निभाई।

**समाचार संक्षेप**

## छत्तीसगढ़ स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने किया उम्दा प्रदर्शन



**सुकमा, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023 में सुकमा जिले के खिलाड़ियों ने भी अपनी कराटे कौशल का उम्दा प्रदर्शन करके सुकमा जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक रायपुर के मठपुरैना में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ कोऑर्डिनेटर ताइक्वांडो एवं कराटे श्री संतोष निर्मलकर उपस्थित थे। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से शामिल इन बच्चों ने अपनी कला प्रदर्शन के साथ-साथ आत्म रक्षा के बारे में बताया। इस दौरान प्रतिभाशाली बच्चों के चेहरे पर एक अलग चमक दिखी। कराटे के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों की हौसला अफजाई के साथ ही उन्हें पुरस्कृत भी किया गया।इस ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सुकमा जिले को चार गोल्ड मेडल, एक सिल्वर मेडल और एक ब्रॉन्ज मेडल मिले। जिनमें केंद्रीय विद्यालय से प्रकृति कश्यप, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सुकमा से ईशान राय, जीतू सिंह, मड़कम अरबाज ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं शासकीय कन्या माध्यमिक शाला से शैली गुप्ता ने सिल्वर और केंद्रीय विद्यालय सुकमा से शैल गुप्ता ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी दिवस दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

सभी को सीखना चाहिए ताइक्वांडो-प्रतिभाशाली खिलाड़ी-ताइक्वांडो के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने इस जीत का श्रेय कोच दीपक कुमार और पालकों को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। विजेता खिलाड़ियों ने आगे भी खेल विधा में उम्दा प्रदर्शन करके जिले का नाम रोशन करने की बात कही। उन्होंने बताया कि सभी को आत्मरक्षा के लिए कराटे सीखना चाहिए। ये सभी के लिए बेहद जरूरी भी है। साथ ही इस खेल विधा जुड़कर छात्र-छात्राएं लगातार आत्म निर्भर बन रही हैं। खिलाड़ियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में अन्य जिलों से आये बच्चों में ताइक्वांडो की प्रतिभा को देखकर बहुत ही अच्छा लगा।



## सुरक्षा के लिए जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**चारामा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन छग के प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 विधानसभा तथा राजनांदगांव जिले के 8 विधानसभा सहित कुल 20 विधानसभा की सीटों पर 7 नवंबर को मतदान होना है। संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये है। इसी तारतम्य में पुलिस के द्वारा नगर में फ्लैग मार्च किया गया।

## एक लाख से अधिक के ट्रांजेक्शन वाले खातों की जानकारी दें

**कांकेर 4 नवम्बर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज दोपहर को जिले में स्थित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों की बैठक लेकर अगस्त से अक्टूबर माह में लेनदेन की जानकारी देने के लिए निर्देशित किया। बैठक में उन्होंने नकदी सहित ऑनलाइन व एटीएम कार्ड से भी ट्रांजेक्शन आदि की जानकारी तैयार कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के सख्त निर्देश हैं कि कोई भी मतदाता बिना प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग निष्पक्ष होकर करे। इसके लिए बेहद जरूरी है की बैंकों से होने वाले ट्रांजेक्शन पर निगाह रखी जाए। उन्होंने उपस्थित बैंकर्स को निर्देशित किया कि संदेहास्पद लेनदेन की जानकारी तत्काल दें जिससे कि आयोग को फौरी तौर पर अवगत कराया जा सके। इसके अलावा कलेक्टर ने एक लाख से अधिक राशि की माहवार औसतन रिपोर्ट देने और संदेहास्पद लेनदेन की सूचना देने के भी निर्देश सभी बैंकर्स को दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल और अपर कलेक्टर श्री एस अहिरवार भी मौजूद थे।

## कोंटा विधानसभा क्षेत्र के 36 मतदान केंद्र हुए शिफ्ट

**सुकमा, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा निर्वाचन के दौरान विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 90, कोंटा के 36 मतदान केंद्रो को निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है। जिसमें मतदान केंद्र क्र. 02 उरसांगल को कुदेड़ में, मतदान केंद्र क्र. 04 पूवर्ती को सिलगेर में, मतदान केंद्र क्र .05 सुरपनगुड़ा में, मतदान केंद्र क्र. 06 चिमलीपेन्टा, मतदान केंद्र क्र. 10 बेनपल्ली और मतदान केंद्र क्र. 11 गुमोड़ी को जगरगुण्डा में, मतदान केंद्र क्र. 12 कामाराम और मतदान केंद्र क्र. 19 एलमपल्ली को नरसापुरम में, मतदान केंद्र क्र. 14 मोरपल्ली को चिन्तलनार में, मतदान केंद्र क्र. 20 गोगुण्डा और 78 बगड़ेगुड़ा को सामसट्टी में, मतदान केंद्र क्र. 22 बड़ेसट्टी (गंधारपारा) को बड़ेसट्टी में, मतदान केंद्र क्र. 23 गोंदपल्ली, मतदान केंद्र क्र. 24 गोंडेरास और मतदान केंद्र क्र. 27 गुफड़ी को कोण्डरे में, मतदान केंद्र क्र. 28 मारोकी को कोर्रा में, मतदान केंद्र क्र. 45 डब्बा को कुन्ना में, मतदान केंद्र क्र. 74 फूलबगड़ी (दामापारा) को फूलबगड़ी में ,मतदान केंद्र क्र. 77 सिरसटटी को पोंगाभेजी, मतदान केंद्र क्र.79 नागाराम को लखापाल, मतदान केंद्र क्र. 86 पामलूर-2 को पोटकपल्ली में, मतदान केंद्र क्र. 87 करीगुण्डम (किस्टाराम) और मतदान केंद्र क्र. 94 पालाचलमा को किस्टाराम में, मतदान केंद्र क्र. 92 तारलागुड़ा और मतदान केंद्र क्र. 194 सिंगाराम को गोलापल्ली में, मतदान केंद्र क्र.95 पेन्टापाड़ को डब्बाकोंटा, मतदान केंद्र क्र.98 पिन्नाभेजी को मुण्डपल्ली में, मतदान केंद्र क्र. 188 बरदेलपाड़ उर्फ तोंगगुडा को पोलमपल्ली, मतदान केंद्र क्र.189 कोर्रापाड़ को कांकेरलंका में, मतदान केंद्र क्र. 190 अरलमपल्ली को पालामड़गू में, मतदान केंद्र क्र. 193 गचनपल्ली को एलारमड़गू में, मतदान केंद्र क्र.195 दुरमा और मतदान केंद्र क्र. 196 मेहता को बण्डा में, मतदान केंद्र क्र. 200 रेगड़गट्टा को भेजी में, मतदान केंद्र क्र. 202 टेटराई और मतदान केंद्र क्र. 203 मेड़वाही को आरगट्टा में शिफ्ट किया गया है।

## हजरत बाबा कमलीशाह का उर्स मुबारक

**सुकमा, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा हजरत बाबा कमलीशाह (र.अ.) का 44 वां उर्स पाक बड़े ही शानों शौकत के साथ दिनांक 05.11.2023 को मनाया जा रहा है। जिसमे सरकार के चाहने वाले दिवाने अपने मज्जूबे कामिल की बारगाह मे खेराजे अकीदत पेश करने वाले है। उर्स कमेटी की ओर से गुजारिश है कि सरकार की बारगाह मे तशरीफ लाकर नजरानाए अकीदत पेश करें दीनी व दुनयावी दौलत मालामाल हो, बारगाह में अपने दामन को फैलाकर अपनी मुरादों को पेंश करें सरकार के फैजान से अपने घरो को मुन्नवर व मुजल्ला करें अपनी तमाम दुख और परेशानी आफत बलाईयात बारगाह में अर्ज कर फैजयाब हों।दिनांक 05.11.2023 दिन रविवार को चादर संदल शहर का गश्त करते हुए दरगाह पहुचेगी। शाम 6 बजे संदल गुशल चादर पोशी सलातो सलाम फातिहा एंव आम लंगर का एहतमाम किया गया है।

# मतदान केंद्रों में दिव्यांगों के लिए रैंप एवं व्हील चेयर की सुविधा रखने के दिए निर्देश

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बसना-40 व सरायपाली-39 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक जफर मलिक ने शुक्रवार को महिला, संवेदनशील व दिव्यांग, आदर्श, संगवारी केंद्रों सहित 18 मतदान केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों द्वारा किए जा रहे होम वोटिंग का भी जायजा लिया।उन्होंने 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मतदान केंद्रों में छांव, पेयजल, दिव्यांगों के लिए रैंप सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का अवलोकन किया। बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बसना के आत्मानंद स्कूल बसना में स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 232, 233, 234, 239 एवं शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला मतदान केंद्र 237 का निरीक्षण किया।वहीं शासकीय प्राथमिक शाला अरेकेल में मतदान केंद्र 230 व 231 तथा महिला मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया।



शासकीय प्राथमिक शाला सिंघनपुर मतदान केंद्र 159 संवेदनशील मतदान केंद्र, शासकीय प्राथमिक शाला माधव पाली मतदान केंद्र क्रमांक 186, शासकीय प्राशा सरायपाली मतदान केन्द्र क्रमांक 132, 133, 134 व 135 आदर्श एवं संगवारी मतदान केन्द्र एवं शाप्राशा बालेंडा मतदान क्रमांक 162, शाप्रा शाला छिबर्रा क्रमांक 163, शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कुटेला दिव्यांग मतदान केंद्र 187 व 188 का निरीक्षण कर उपस्थित तहसीलदार सरायपाली को आने वाले दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप बनाने एवं व्हील चेयर रखने के निर्देश दिए।इस दौरान लाइजनिंग अधिकारी अनिल भास्करन, बसना तहसीलदार नमिता मारकोले, सरायपाली तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू, नायब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल तथा जनपद सीईओ हलधर एवं सीएमओ सूरज सिदार, बीईओ प्रकाश मांझी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने अंतरराज्यीय सीमा बंजारी जांच चौकी का औचक निरीक्षण भी किया।

### सामान्य प्रेक्षक ने महासमुंद विस क्षेत्र के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद-42 व खल्लारी-41 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार ने शुक्रवार को महिला, संवेदनशील व दिव्यांग केंद्रों सहित कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मतदान केंद्रों में छांव, पेयजल, दिव्यांगों के लिए रैंप सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का अवलोकन किया। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पासिद, अमलोर, गढ़सिवनी, सिरपुर, भोरिंग सहित अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार चंद्रशेखर मंडई मौजूद थे।

## 5 नवम्बर को अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं से तृतीय लेखा मिलान के लिए उपस्थित होने का आग्रह

**जगदलपुर,4 नवम्बर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बस्तर जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 85 बस्तर, 86 जगदलपुर एवं 87 चित्रकोट से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय के तृतीय लेखा मिलान के लिए तिथि 05 नवम्बर 2023 निर्धारित किया गया है। उक्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त निर्वाचन व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन ने सभी अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा के तृतीय मिलान हेतु 05 नवम्बर 2023 को जिला पंचायत सभागार में स्थापित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल में अभ्यर्थी अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को निर्वाचन व्यय लेखा पंजी और देयक, बिल, व्हाउचर इत्यादि आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## मतदान केन्द्रों में बनाए गए 'हम साथ-साथ हैं सेल्फी कार्नर'

**कांकेर,4 नवम्बर।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु सभी मतदान केन्द्रों में 'हम साथ-साथ हैं, सेल्फी कार्नर' बनाया गया है। इसके तहत किसी भी परिवार के सभी मतदाता अगर 07 नवम्बर को एक साथ आकर मतदान करते हैं और सेल्फी कार्नर पर फोटो खींच कर संबंधित विधानसभा के व्हाट्सअप नंबर पर भेजते हैं तो प्रत्येक विधानसभा से लक्की ड्रा निकाल कर प्रथम तीन मतदाताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विधानसभा अंतागढ़ के लिए व्हाट्सअप नंबर 8889902231, विधानसभा भानुप्रतापपुर के लिए 6263421782 और विधानसभा कांकेर के लिए 8602574930 नंबर जारी किया गया है। मतदाता मतदान केन्द्रों में स्थापित सेल्फी कार्नर में अपने परिवार के साथ लिए गए फोटो को संबंधित विधानसभा क्षेत्र के व्हाट्सअप नंबर में भेज सकते हैं।

# ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी कमिश्निंग कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**धमतरी 4 नवम्बर ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत् जिले की तीनों विधानसभाओं सिहावा, कुरूद और धमतरी के लिए निर्वाचन के दायित्व से जुड़ें ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों की कमिश्निंग संबंधी अधिकारी-कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ॠतुराज रघुवंशी की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर श्री रघुवंशी ने कहा कि कमिश्निंग का कार्य मतदान से पहले का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। इस कार्य को करने के लिए पूरी तरह सजग और सर्तक रहना जरूरी है। कमिश्निंग के बाद मशीनों को मतदान के लिए तैयार किया जाता है, वरन इसे सील भी किया जाता है, ताकि किसी प्रकार की छेड़छाड की आशंका न रहे। इसी कार्य से यह तय होगा कि मतदान दलों को किसी प्रकार की दिक्कत होगी अथवा नहीं। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ॠषिकेश तिवारी, एसडीएम धमतरी डॉ विभोर अग्रवाल, एसडीएम नगरी श्रीमती गीता रायस्त, उप संचालक कृषि श्री मोनेश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बृजेश बाजपेयी तहसीलदार धमतरी श्रीमती दुर्गा साहू सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कमिश्निंग का परिचय देते हुए इसका महत्व बताया गया। इसके साथ ही कमिश्निंग के पूर्व की जाने वाली तैयारी, आवश्यक सामग्री, व्हीव्हीपीएट, बीयू संचालन, पिंक स्लीप, एड्रेस टेग, प्रारूप, सावधानियां के अलावा सीयू कमिश्निंग, मॉकपोल और मॉक पोल के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण उपरांत जिला पंचायत में निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को व्हीव्हीपीएटी, सी,यू, बीयू का प्रयोगिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं का समाधान भी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किया गया।

### सेक्टर अधिकारी अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाओं को करें सुनिश्चितः कलेक्टर



**जगदलपुर, 4 नवम्बर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करें। मतदान केंद्रों में यदि कोई कमीपेशी है तो तत्काल सुधार करवाएं। कलेक्टर शुक्रवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे।जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर अधिकारियों को रूटचार्ट के आधार पर मतदान केंद्रों का जायजा लें साथ ही मतदान केंद्रों में लगाएं गए सीसीटीवी की स्थिति को सभी की विजिबिलिटी के आधार पर स्थापित करने, केंद्र में आसपास चुनाव से सम्बंधित प्रतीकात्मक कोई चिन्ह है उसे हटाने सहित मतदान केंद्र में प्रदर्शित मतदाता सूची को अद्यतन जानकारी करने के निर्देश दिए। साथ ही अपने रूट चार्ट का जीपीएस ट्रैक को अद्यतन करवाने कहा गया। बैठक में स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं को नक्शा के माध्यम से जानकारी दी गई ।

ताकि सेक्टर अधिकारी अपने मतदान दलों को सामग्री वितरण और वाहन पार्किंग से अवगत हो। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप कार्यक्रम प्रभारी श्री प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी, विधानसभा बस्तर के रिटर्निंग अधिकारी श्री ओपी वर्मा सहित सातों जनपद के सीईओ उपस्थित थे।

## मतदान केन्द्रों में बनाए गए 'हम साथ-साथ हैं सेल्फी कार्नर'

**कांकेर, 4 नवम्बर ।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु सभी मतदान केन्द्रों में 'हम साथ-साथ हैं, सेल्फी कार्नर' बनाया गया है। इसके तहत किसी भी परिवार के सभी मतदाता अगर 07 नवम्बर को एक साथ आकर मतदान करते हैं और सेल्फी कार्नर पर फोटो खींच कर संबंधित विधानसभा के व्हाट्सअप नंबर पर भेजते हैं तो प्रत्येक विधानसभा से लक्की ड्रा निकाल कर प्रथम तीन मतदाताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विधानसभा अंतागढ़ के लिए व्हाट्सअप नंबर 88899022×1, विधानसभा भानुप्रतापपुर के लिए 626×421782 और विधानसभा कांकेर के लिए 86025749×0 नंबर जारी किया गया है। मतदाता मतदान केन्द्रों में स्थापित सेल्फी कार्नर में अपने परिवार के साथ लिए गए फोटो को संबंधित विधानसभा क्षेत्र के व्हाट्सअप नंबर में भेज सकते हैं।

## अधिकारी ने चारामा में एसएसटी के कामों का किया निरीक्षण



**कांकेर,4 नवम्बर ।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न प्रकार के दल गठित कर चेकपोस्ट पर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज जिले के चारामा स्थित चेकपोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां के गुजर रहे वाहनों की चेकिंग का जायजा लिया। इस दौरान बताया गया कि नगरपालिका कार्यालय के सामने स्थित एसएसटी चेकपोस्ट में जिला पुलिस बल और बीएसएफ के जवान संयुक्त रूप से तैनात हैं व वाहनों की 24 घण्टे निगहबानी की रही है और संदेह के आधार पर गाड़ियों को रूकवाकर सघन खोजबीन की जाती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने चेकपोस्ट प्रभारी श्री ओ.पी. शर्मा (सीएमओ) को पूरी मुस्तैदी के साथ वाहनों में रखे सामानों की बारीकी से जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही वहां तैनात एएसआई श्री शम्सुद्दीन खान व आरक्षक अनिल जैन को प्रत्येक कार्रवाई की प्रविष्टि पंजी में संधारित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री सुमित अग्रवाल, एसडीएम चारामा श्री राकेश गोलछा सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

**एक नजर**

### नव दुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव के समापन पर रंग सरोवर की प्रस्तुति



**नगरी, 4 नवंबर।** नव आनंद कला मंदिर नगरी द्वारा आयोजित नगर स्तरीय नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव का समापन 4 नवंबर दिन शनिवार को रात्रि 8 बजे से हाई स्कूल मैदान में संपन्न होगा। समिति के सचिव नरेश छेदैहा ने जानकारी देते हुए कहा कि इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के ख्यातिप्राप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग सरोवर ग्राम बारूका गरियाबंद का आयोजन किया गया है। प्रख्यात लोक गायक स्व. मिथिलेश साहु द्वारा स्थापित यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, इतिहास,परंपरा और भाषा पर आधारित है। जिसमें छत्तीसगढ़ के ख्यातिप्राप्त गायक गायिकाओं ने स्वर देकर श्रोताओं का काफी मनोरंजक किया है।इस टीम ने छत्तीसगढ़ी एलबम शिक्षाप्रद प्रहसन का निर्माण करके काफी सुर्खियां बटोरी है। जिससे लोगों में छत्तीसगढ़ी लोककला के प्रति लगाव काफी बढ़ा है।भुपेन्द्र साहु द्वारा संचालित इस कार्यक्रम की बेहतरीन कोरियोग्राफी,अनोखी परिकल्पना ,भावपुर्ण गीत,मधुर संगीत,कुशल निर्देशन, आकर्षक वेशभूषा तथा दमदार संचालन को देखने सुनने लोग काफी उत्साहित हैं। कार्यक्रम के दौरान भव्य उपहार योजना का ड्रा भी किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष नरेंद्र नाग, कोषाध्यक्ष अश्वनी निषाद, उपाध्यक्ष गण अशोक पटेल ,सुरेश साहू ,कमलेश प्रजापति, मोरज पटेल, छबिनारायण साहू, विकास सोनी, सत्यम भट्ट ,रवेद्र साहू ,कुलदीप देवांगन ,जसपाल खनूजा, बलजीत छाबड़ा ,दुर्गेश साहू, रुपेन्द्र साहू,लक्ष्मी साहु,सहसचिव गण सुरेश सिंहसार ,योगेश साहू ,हरीश सार्वा,केशव पटेल, मुकेश सेमरे के अलावा नंद यादव, प्रदीप जैन, बृजलाल सार्वा, गजेन्द्र कंचन, राघवेंद्र वर्मा, प्रकाश सोनी, हृदय नाग, राम रतन साहु आदि जुटे हैं।

### दीपावली त्यौहार के मद्देनजर पटाखा दुकानदारों के लिए दिशा-निर्देश जारी

**रायगढ़, 4 नवम्बर।** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना रायगढ़ द्वारा दीपावली त्यौहार के दौरान अग्निशमन व्यवस्था को दूरस्त रखने हेतु प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय पटाखा दुकानदारों को दुकान लगाने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए है। जिसके तहत पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़े, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि से नहीं बना होना चाहिए। पटाखा दुकान को लोहे के पाइप, टीनशेड एंगल से बनाना होगा, प्रत्येक दुकान के बीच में तीन मीटर की दूरी अनिवार्य है तथा एक दुकान के सामने दूसरी दुकान न बनायी जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होगा। फटाखा दुकान ट्रांसफार्मर के आसपास और उसके ऊपर से हाईटेंशन लाईन नहीं गुजरना चाहिए। दुकानों में विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं मास्टर स्वीच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए। प्रत्येक दुकानों में 5 किलो के क्षमता वाले अग्निशमन यंत्र (डीसीपी)रखने होंगे तथा 200 लीटर पानी क्षमता का ड्रम के साथ बाल्टी व्यवस्था होनी चाहिए। पटाखा दुकान के सामने बाईक/कार पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। दुकानों में अग्निशमन कार्यालस एवं एम्बुलेंस का संपर्क नंबर दुकान परिसर में प्रदर्शित करना होगा।

### 7 से 30 नवम्बर तक निर्वाचन संबंधी एक्जिट पोल, परिणाम प्रकाशन पर प्रतिबंध

**रायगढ़, 4 नवम्बर।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 एक्जिट पोल के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन आयोग के उक्त धारा की उपधारा के उपबंधों के दृष्टिगत 7 नवम्बर 2023 को पूर्वान्ह 7 बजे से 30 नवम्बर 2023 को अपरान्ह 6.30 बजे के बीच की अवधि को, ऐसी अवधि के रूप में अधिसूचित करता है जिसके दौरान ऊपर उल्लेखित साधारण निर्वाचनों एवं उप निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी प्रकार के एक्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा।

### कलेक्टर ने विधानसभावार चल रहे मतदान दलों की ट्रेंनिग का किया निरीक्षण



**रायगढ़, 4 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने विधान सभावार मतदान दलों के चल रहे प्रशिक्षण का किया निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव पाण्डेय उपस्थित रहें। उल्लेखनीय है कि सुव्यवस्थित निर्वाचन संपन्न कराने हेतु विधान सभावार मतदान दलों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय एवं किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक कालेज में आयोजित प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री गोयल पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि सभी अपने टीम के सदस्यों के साथ बैठ कर प्रशिक्षण प्राप्त करें। इससे आपकी टीम और समन्वय बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि टीम के प्रत्येक सदस्यों को मशीन के सभी पहलुओं की जानकारी होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण कक्ष का अवलोकन किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से प्रश्नोत्तर भी किए और मौके पर उन्होंने अधिकारियों के शंकाओं का समाधान भी किया।

# क्षेत्र क्रमांक 77 में गीता को कहीं घासी की करतूत न पड़ जाये भारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 4 नवंबर।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77 से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी गीता घासी साहू को भारतीय जनता पार्टी ने खुज्जी विधानसाभ मे 15 साल के बनवास को खत्म करने जिला पंचायत अध्यक्ष को अपना प्रत्याशी बनाया है लेकिन लगता घासी साहू के करतूत की वजह से बनवास खत्म होते नजर नही आ रहा है बताया जाता है घासी पार्टी पर ही भारी नजर आ रहे है जबकी पार्टी इनके पूराने कार्य गुजारी से पारेशान दिखाई दे रहा है चाहे लेन देन के ममाले हो या नौकरी लगाने के नाम पर धोखा धडी या चिटफंड का मामला हो भारतीय जनता पार्टी के विश्वाश पर खरे नही उतर रहे जिससे खुज्जी विधानसाभ मे बीजेपी को एक बार फिर घासी साहू के कारण बनवास झेलनी पड़ सकती है खुज्जी विधानसाभ मे महीला प्रत्याशीयो के पति ही भस्मासुर बनते है बताया जाता है बीजेपी के कूछ लोग भेड़ीया का खाल ओड़कर सिर्फ दिखावा कर रहे है प्रथम नगर पंचायत चूनाव मे अपने रिश्तेदार को वोट करने पूरी रात पैसे का बंदरबांट करने वाले एक अवसर वादी पदाआधिकारी की भूमिका संदिग्ध बताया जा रहा है दूसरी तरफ टिकीट की आश मे पन्द्रह साल के लम्बे अंतराल के बाद भी टिकीट से वंचित दावेदार को पार्टी बहुत सारे बूथ की जिम्मेदारी दे कर परखने की जुगत मे है अब देखना है ऊठ कीस करवट बैटता है

## खुज्जी में भाजपा कांग्रेस पर भारी बाल्टी:मनभावन उइके

**छुरिया, 4 नवंबर।** छूरिया पुरे प्रदेश में इस बार होने वाले विधानसभा चुनाव रोचक हो या न हो पर खुज्जी विधानसभा का चुनाव दिलचस्प व त्रिकोणीय जरुर हो गया है, आदिवासी नेता मनभावन सिंह उइके ने एक बार फिर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मतदान के दिन नजदीक आते - आते हमर राज पार्टी की



प्रत्याशी श्रीमती ललिता कंवर दोनों राष्ट्रीय दल भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशियों को पीछे छोड़ते हुए नंबर वन में पहुच चुकी है, उइके ने कहा है कांग्रेस को वोट देने वाले वोटर्स अब हमर राज पार्टी की प्रत्याशी के साथ है, खुज्जी के मैदान में अब कांग्रेस दुसरे तो भाजपा तीसरे नंबर पर जा पहुची है, ।

खुज्जी की जनता को ज्ञात होगा पूर्व में कांग्रेस प्रत्याशी भोला राम साहू जी 2008, व 2013 में दो बार विधायक रह चुके है, दो बार विधायक रहते हुए भोलाराम जी खुज्जी विधानसभा व यहाँ की जनता के लिए कुछ नहीं कर पाए, भोलाराम जी की खुद की कोई उपलब्धि नहीं होने से अब वे खुज्जी की नदी को भूपेश बघेल के भरोसे पार करना चाहते है, वही भाजपा की प्रत्याशी श्रीमती गीता साहू जी वर्तमान में जिला पंचायत अध्यक्ष है, और इसी पद का फ़ायदा उनके पति घासी साहू जी द्वारा उठाते हुए खुज्जी विधानसभा व अन्य जगहों के कई नागरिको से नौकरी लगाने के नाम पर पैसा लेना हो या पूर्व में उनके द्वारा चिटफंड कंपनी में सैकड़ो लोगो की लाखो की राशि हजम करने की हो ऐसा आरोप लगते आ रहे है,? इसकी चर्चा अब खुज्जी विधानसभा के चौक चौराहों के होटलो व पान ठेलो में आम हो गई है,?आदिवासी नेता उइके ने अपने विज्ञप्ति में कहाँ कि गैदाटोला के भरे सभा में कांग्रेस के स्टार प्रचारक व सीएम भूपेश बघेल जी ने अपने उद्बोधन में ही भोलाराम जी के लिए ये कह दिया कि भोलाराम जी काकरो बनाये नहीं तो बिगाड़े नहीं, भूपेश जी ने ये बाते कह कर बता दिया की भोलाराम जी किसी का बना नहीं सकता,?7 गैदाटोला में उसी दिन भाजपा ने भी सभा का आयोजन कर श्रीमती गीता साहू के पक्ष मतदान अपील करने असम के सीएम हेमंत बिस्वा जी को बुलाया था जिसे सुनने भाजपा ने तामझाम करके भीड़ इकट्ठा किया लेकिन असम के सीएम हेमंत बिस्वा जी गैदाटोला के सभा में नहीं पहुचे जिसे लेकर भाजपा के ही नेताओ व कार्यकर्ताओ में रोष है,7 उइके ने आगे कहा कि भाजपा कांग्रेस के असंतुष्ट नाराज नेता कार्यकर्ता हमर राज पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती ललिता कंवर के सहयोग करने में लगे है,? इस बार खुज्जी विधानसभा चुनाव के मतदान दिनांक 7 नवंबर को बाल्टी का बटन दबाकर खुज्जी की जनता श्रीमती ललिता कंवर को अपना आशीर्वाद देगी।

# मुफ्त बिजली,मुफ्त शिक्षा कांग्रेस ही कर रही जनता की रक्षा:गिरीश देवांगन



**राजनांदगांव,4 नवंबर।** राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी जुझारू व्यक्तित्व के धनी गिरीश देवांगन अपने जनसंपर्क अभियान के तहत दक्षिण ब्लॉक वार्ड 41 के पिंकी मंगल भवन चौखड़िया पारा, इंदिरा नगर में निकली वहीं दोपहर 01 बजे बालाजी मंदिर से निकली जो वार्ड 11 व 12 में अपने पक्ष में जनसमर्थन मांगा। पटरी पार क्षेत्र में आम जनता से भेंट मुलाकात कर अंडर ब्रिज के अभाव में जनता की परेशानी को देखते हुए डा रमन सिंह के निष्क्रिय नेतृत्व पर प्रश्नचिन्ह खड़े करने के साथ साथ कांग्रेस की रीति और नीति के अनुरूप भूपेश बघेल जी की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की योजनाये शिक्षा स्वास्थ, संस्कृति, उद्योग, रोजगार सहित क्षेत्र में समग्र रूप से कार्य करते हुए जो जनता के हितों की रक्षा की है उसके कारण ही छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर देश में सबसे कम है जनता गरीबी रेखा से ऊपर उठी है और अब क्रांतिकारी कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने 200 यूनिट तक बिजली फ्री गैस में 500 रु की सब्सिडी और के जी से पी जी तक मुफ्त शिक्षा की बात कर छत्तीसगढ़ की जनता का चौतरफा रक्षा करने का संकल्प दोहराया है भाजपा के 15 वर्षीय कार्यकाल में सरप्लस बिजली होने के बाद भी जनता महंगी बिजली दर से परेशान थी योजनाओं का लाभ लेने के लिए छ ग को अति पिछड़े राज्य में शामिल किया जाता था 2014 से 2018 तक डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी डॉ रमन सिंह के नेतृत्व में ना तो राजनांदगांव को रोजगार में कुछ मिला है और ना ही समुचित विकास हो पाया है शहरों में बड़े-बड़े होल्डिंग लगाकर अपनी आत्म प्रशंसा प्रदर्शित करने वाले डॉ रमन सिंह एक भी उद्योग को नहीं दिखा पा रहे हैं व्यापारियों को जीएसटी के नाम से भाजपा ने परेशान किया और राज्य के भाजपाई मौन साधे बैठे रहे राजनांदगांव में सिंचाई परियोजनाएं दम तोड़ दी कमीशन खोरी के चलते स्तरहीन निर्माण होते रहे पेयजल की समुचित व्यवस्था भी ना करना निष्क्रिय नेतृत्व का प्रमाण है।

कांग्रेस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जनसंपर्क के दौरान शाहिद खान, नरेश डाकलिया, पदम कोठारी, सूर्यकांत जैन, चंपू गुप्ता, आसिफ अली, अशोक पंजवानी, मोती साहू, अमित चंद्रवंशी, भोजराज भेलावे, अब्बास खान, सिद्धार्थ डोंगरे, अभिमन्यु मिश्रा, राकेश जोशी, शुभम गढ़पायले, डा.आर कुमार, हेमंत देवांगन, संतोष मानिकपुरी, गोविंद मिर्जा, शनी फरीकर, मनीष यादव, सूरज देवांगन, हितेश गोन्नाडे, राकेश जोशी, महेन्द्र बहादुर सिंह, वार्ड 11 व 12 के बूथ अध्यक्ष व कार्यकारिणी सहित शहर कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

#### 4 को यहां करेंगे जनसंपर्क

सुबह 09 बजे वार्ड नं. 15 राममंदिर मिलचाल से शुरू होकर वार्ड भ्रमण करते हुए वार्ड 14 टांकापारा, पुरानी सिविल लाइन में जनसंपर्क करेंगे। वहीं दोपहर बाद ग्रामीण अंचल के ग्राम फरहद, बांकल, पनेका, रीवागहन व बरगा में कांग्रेस के पक्ष में जनसमर्थन मांगेगे।

### राजेश टुटेजा ने विस चुनाव अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की

**राजनांदगांव ,4 नवम्बर ।** विशेष सामान्य प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग श्री धर्मेन्द्र एस गंगवार (सेवानिवृत्त आईएएस), विशेष व्यय प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग श्री राजेश टुटेजा (सेवानिवृत्त आईआरएस) ने आज न्यू सर्किट हाऊस में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले, आईजी एवं नोडल अधिकारी सीआरपीएफ श्री साकेत कुमार सिंह, आईजी श्री राहुल भगत, विधानसभा डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव के सामान्य प्रेक्षक श्री एम मल्लिकार्जुन नायक, विधानसभा डोंगरगांव एवं खुज्जी के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री मुकेश कुमार, पुलिस प्रेक्षक श्री नीलाभ किशोर, विधानसभा डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव के व्यय प्रेक्षक मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे, विधानसभा डोंगरगांव एवं खुज्जी के व्यय प्रेक्षक डॉ. ललिता कुमारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री अमित कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। विशेष सामान्य प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग श्री धर्मेन्द्र एस गंगवार (सेवानिवृत्त आईएएस), विशेष व्यय प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग श्री राजेश टुटेजा (सेवानिवृत्त आईआरएस) विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए जानकारी ली ।

# भाजपा ने घोषणा पत्र नहीं कपट पत्र जारी किया है:लालू राठौर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 4 नवंबर।** ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के ज़िला अध्यक्ष लालू राठौर ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र कांग्रेस के घोषणा पत्र की नकल करने की कोशिश है। अपने विज्ञप्ति में लालू राठौर ने आगे कहा कि यह भूपेश बघेल की उपलब्धि है की धान पर बोनस का विरोध करने वाले धान की कीमत 3100 करने की बात कर रहे है। जो लोग 2100 बोलकर नहीं दिये, 300 बोनस नहीं दिये, जो लोग 15 क्विंटल धान नहीं खरीदने का निर्णय लिये थे वे अब 21 क्विंटल खरीदने की बात कर रहे। यह भूपेश बघेल की उपलब्धि है। घोषणा तो कर रहे लेकिन जनता भरोसा नहीं करेगी। मोदी की गारंटी की कोई गारंटी नहीं जो मोदी 15 लाख देने का वायदा भूल गये, 2 करोड़ युवाओ को रोजगार देने का वायदा भूल गये, 100 दिन में महंगाई कम करने का वायदा भूल गये, किसानों की आय दुगुनी करने के वायदे तो आज तक पूरे नहीं हुये उनकी क्या गारंटी है। जो हम 5 साल से कर रहे है भाजपा उसको करना चाह रही। भाजपा हमारे पिच पर खेलने को मजबूर हुई है।

लालू राठौर ने अपने विज्ञप्ति में कहा कि भाजपा वोट लेने के लिये फिर किसानों को ठगना चाहती। धान की कीमत 3100 रू. करने की घोषणा किया है तो बतायें क्या केन्द्र धान का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 3000 रू. करेगी। क्योकि मोदी जी तो धान की कीमत समर्थन मूल्य से 1 रू. भी ज्यादा देने के विरोधी है। कांग्रेस सरकार के 2500 रू. देने का विरोध किया था धमकी दी थी। ऐसे में भाजपा मोदी सरकार के विरोध में जा कर 3000 रू. कैसे देगी यह स्पष्ट करें। 2100 रू प्रति क्विंटल और बोनस 300 = 2400 देने का वायदा तो 2013 में भी किया था नहीं दिया। दूसरा बड़ा झूठ 21 क्विंटल धान खरीदने का वायदा भी है। पहले 2013 में भी यही वायदा किया था लेकिन लिमिट घटाकर 15 से 10 क्विंटल कर दिया कैसे भरोसा करे कि आपने वायदे पर कायम रहेंगे? किसानों के कर्जामाफी पर कुछ नहीं बोल रहे। लालू राठौर ने कहा वायदा तो कर लोगे, भरोसा कौन



करेगा, क्यों करेगा?500 में सिलेंडर देने की बात भी धोखा इनकी केन्द्र सरकार सिलेंडर के दाम 400 से बढ़ाकर 1000 के उपर किया। अब ये 500 में सिलेंडर देने की बात कर रहे। भाजपा सिर्फ बीपीएल को गैस सिलेंडर देगी। कांग्रेस हर वर्ग को 500 रू. सब्सिडी दे रही मतलब सिर्फ 450 में सिलेंडर मिलेगा। लालू राठौर ने आगे कहा कि कांग्रेस ने 17.5 लाख आवास देने का वायदा किया तो नकल करके 18 लाख देने की बात कर रहे। 15 साल में सरकारी नौकरी के द्वार बंद कर दिया था, अब नौकरी देने का झूठा वायदा कर रहे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने 10 लाख तक ईलाज का वायदा किया है उसको भी नकल कर रहे हैं। राज्य में भूपेश सरकार 20 क्विंटल धान की खरीदी शुरू कर चुकी है। उसकी नकल में 21 क्विंटल की बात भाजपा कर रही है। लालू राठौर ने कहा कि भूपेश है तो भरोसा है, भरोसा बरकरार फिर से कांग्रेस सरकार। नारा भी हमारा चुराते है घोषणाये भी हमारे चुराते है। घोषणा तो कर लेंगे लेकिन भरोसा कहां से लाओगे।भाजपा ने तीन बार (2003-08-13) के घोषणा पत्र के फ्रंट पेज में छपे 31 में से 25 वायदों को पूरा नहीं किया था लालू राठौर ने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिये घोषणा पत्र जनता को ठगने का दस्तावेज होता है। भाजपा हर चुनाव के पहले घोषणा पत्र बनाती है जिसको संकल्प पत्र नाम देती है लेकिन कभी घोषणा पत्र के वायदों को पूरा नहीं करती है। तीन बार 2003, 2008, 2013 के चुनाव में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में जो वायदे किया था। यह वह घोषणायें है जिसे उसने तीनों बार फ्रंट पेज में छापा था। तीन चुनावों में 31 वायदे किये जिनमें 25 को पूरा नहीं किया। कांग्रेस और भाजपा में यही अंतर है। लालू राठौर ने यह भी कहा कि हमारे लिये घोषणा पत्र वायदा निभाने का पवित्र दस्तावेज होता है, भाजपा के लिये यह एक चुनावी हथियार मात्र होता है। यह भाजपा के तीन बार के घोषणा पत्रों के फ्रंट पेज में छपी घोषणाओं के विश्लेषण से स्पष्ट होता है। भाजपा ने तीन चुनावों में 2003, 08, 13 में 150 से अधिक वायदे किया था जिसमें से 30 प्रतिशत भी पूरा नहीं किया। कांग्रेस ने 5 सालों में 36 में से 34 वायदे पूरा किया। लालू राठौर ने जारी अपने विज्ञप्ति आगे कहा कि संकल्प पत्र के नाम पर जनता को बार-बार ठगने वाली भाजपा एक बार फिर से जनता की आंखों में धूल झोंकने फिर से घोषणा पत्र जारी किया है। भाजपा के पुराने रिकार्ड बताते है कि उसके लिये घोषणा पत्र चुनावी सब्जबाग है। इसके विपरीत हमने 36 वायदे किये और 5 सालों में 36 में से 34 पूरा कर दिया। भाजपा कुछ भी कर ले जनता अब उनके बहकावे में नहीं आयेगी।

### विभिन्न ग्राम पंचायत में जनसंपर्क किया कांग्रेस प्रत्याशी लखेश्वर बघेल ने

**राजनांदगांव।** आज विधानसभा के सघन दौरा के तहत ग्राम पंचायत पोटियावंड, संधकरमरी, सानदेवड़ा, बड़ेदेवड़ा, टूहटीदेवड़ा, सौतपुर, कोटगुडा,पहुंचकर लोगों से जन संवाद कर कांग्रेस में वोट देने की अपील किया बघेल ने कहा की हमने हर वर्ग, हर समाज को मजबूत बनाने कि दिशा में लगातार काम किया है वन अधिकार पत्र से लेकर धान खरीदी शिक्षा से लेकर सड़क और सर्वाधिक धान के समर्थन मूल्य से लेकर किसानों के क़र्ज़ माफ़ी सहित आरक्षण पर न्याय तक कांग्रेस सरकार की जनहितैषी योजनाओं ने लोगों को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत किया है, उनके जीवन में खुशहाली लेकर आई हैयही कारण है कि छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है, लोगों की सरकार बनने जा रही हैआज करपावंड ब्लॉक अंतर्गत आने वाली विभिन्न ग्राम पंचायत में जनसंपर्क किया कांग्रेस प्रत्याशी श्री लखेश्वर बघेलआज विधानसभा के सघन दौरा के तहत ग्राम पंचायत पोटियावंड, संधकरमरी, सानदेवड़ा, बड़ेदेवड़ा, टूहटीदेवड़ा, सौतपुर, कोटगुडा,पहुंचकर लोगों से जन संवाद कर कांग्रेस में वोट देने की अपील किया बघेल ने कहा की हमने हर वर्ग, हर समाज को मजबूत बनाने कि दिशा में लगातार काम किया है वन अधिकार पत्र से लेकर धान खरीदी शिक्षा से लेकर सड़क और सर्वाधिक धान के समर्थन मूल्य

**समाचार संक्षेप**

### विकास की गारंटी है भाजपा का घोषणा पत्र:श्रीनिवास मुदलियार

**बीजापुर,4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा



जारी किए गए घोषणा पत्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का आभार माना है। आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सभी वर्गों की चिंता करते हुए यह घोषणा पत्र जारी किया है। जिसमें किसानों, महिलाओं, विद्यार्थियों, युवाओं, बुजुर्गों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग जैसे सभी वर्गों की चिंता की है। जिलाध्यक्ष श्री मुदलियार ने कहा कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में पांच सालों तक शासन किया किन्तु उन्होंने केवल सत्ता पाने के लिये झूठा घोषणा पत्र जारी किया था, जिससे छत्तीसगढ़ की जनता का भरोसा टूट चुका है किन्तु भाजपा की इस घोषणा पत्र से जनता का जो भरोसा टूटा था, विश्वास टूटा था वह अब पुनः वापस आएगा। यह घोषणा पत्र पूरी तरह से छत्तीसगढ़ के विकास और विश्वास का घोषणा पत्र है। छत्तीसगढ़ के नागरिकों की विकासात्मक आकांक्षाओं को समझकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने छत्तीसगढ़ के नागरिकों से घोषणा पत्र के रूप में अपनी गारंटी दी है। इस गारंटी के दम पर हम पुनः छत्तीसगढ़ को तरक्की की राह पर आगे लेकर जाएंगे। भाजपा ने किसानों को प्राथमिकता देते हुए छत्तीसगढ़ में कृषक उन्नति योजना के तहत 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी 3,100 रूपये में की जाएगी, किसानों का पैसा बिना लम्बी कतारों के एक ही किश्त में पूरा भुगतान सुनिश्चित करने के लिए हर पंचायत भवन में बैंकों के नकदी आहरण काउंटर स्थापित करेंगे, प्रदेश में धान खरीद से पहले ही बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना, छत्तीसगढ़ में शासकीय पदों पर समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप में भर्ती, 18 लाख पीएम आवास, घर-घर निर्मल अभियान, निःशुल्क तीर्थ योजना जैसे अनेकों योजनाएं प्रारम्भ की जायेंगी।जिलाध्यक्ष श्री मुदलियार ने कहा कि भाजपा का रिकॉर्ड है कि हमारा चुनाव घोषणा पत्र सिर्फ घोषणा मात्र नहीं बल्कि हमारे लिए ये संकल्प पत्र होता है। बिना किसी विवाद के एक संकल्प को परिपूर्ण करते हुए भाजपा ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की थी। जिसे पूरे 15 साल तक डॉ रमन सिंह. के द्वारा विकास की राह पर चलाया गया, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने पिछले पांच सालों में छत्तीसगढ़ को पीछे ढकेल दिया है और भारी भ्रष्टाचार किया है। छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचारियों से मुक्त करने का समय आ चुका है। जनता का कांग्रेस सरकार के खिलाफ आक्रोश व भाजपा के प्रति समर्थन देखकर स्पष्ट हो गया है कि छत्तीसगढ़ में कमल का फूल खिलेगा और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनेगी।

### कांग्रेस की रीति-नीति से प्रभावित होकर बीजापुर नगर के 15 युवाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ



**बीजापुर,4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शुक्रवार को ज़िला मुख्यालय बीजापुर के 15 युवाओं ने कांग्रेस पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में प्रवेश कर लिए है। प्रवेश करने वालों में प्रमुख रूप से दिप मांझी, देव मांझी, नरेन्द्र डारा, महेश डारा, सीताराम मांझी, भिखारी मांझी, सुखलाल मांझी, रिंकु मांझी, गोलू मांझी, रमेश मांझी, दिप साहनी, राहुल डारा, सुरेश मांझी, सुखनाथ मांझी और अनिल नाइक प्रमुख रूप से शामिल थे। जिन्हें उड़ीसा प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री व विधानसभा चुनाव जिला प्रभारी श्री घासी राम मांझी, शाहरुख खान यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष उड़ीसा, हरि मांझी उड़ीसा, ज़िला महामंत्री महामंत्री सुकदेव नाग, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर, महामंत्री जितेंद्र हेमला,मीडिया प्रभारी राजेश जैन, ऐल्डर मेन राजू गांधी, वरिष्ठ कांग्रेसी गिरधारी लाल राठी आदि ने कांग्रेस पार्टी का गमछा पहना कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलायी है।

### जिले के 28 दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं ने किया घर पर मतदान

**बीजापुर,4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर के 80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन एवं दिव्यांगजन डाक मतपत्र से मत देकर लोकतंत्र के निर्माण में सहभागिता बन रहे है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं के लिए इस वर्ष डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत वृद्धजन और दिव्यांग मतदाताओं को विशेष तौर पर सुविधा मिल रही है। बीजापुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 के मतदान केन्द्र क्रमांक 143 भैरमगढ़ 4 के 80 प्रतिशत दिव्यांग मतदाता मुकेश कुमार सेन, भोपालपटनम के मतदान केन्द्र 27 के 84 वर्षीय वृद्ध मतदाता लक्ष्मी बाई भीमारपू सहित कुल 28 घर पहुंच मतदान सुविधा का लाभ लिया। इन मतदाताओं ने भारत निर्वाचन आयोग के इस सुविधा के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें घर पर ही मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अवसर मिला और हम अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बने।

### कवासी लखमा गांव गांव में लोगों से मिल रहे



**बीजापुर,4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कोंटा विधानसभा के कांग्रेसी प्रत्याशी कवासी लखमा सघन जन सम्पर्क करते हुए सुकमा के अंदरूनी इलाको मे कर रहे सभा को संबोधित कर रहे।गांव गांव नुक्कड़ सभा को सुनने पहुँच रहे लोग।प्यार और विश्वास के साथ प्रचंड बहुमत से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प ले रहे ग्रामवासी।आज बस्तर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास हो रहा है। भरोसा बरकरार फिर से कांग्रेस सरकार प्रत्याशी श्री कवासी लखमा जी ने कांग्रेस पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक वोट डालने की अपील किये

## एक नजर

### नाबालिग बालिका को भगाकर ले जाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सिमगा, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 7 जून को प्रार्थी द्वारा थाना हथबंद में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1 जून को इसकी नाबालिक लडकी घर से बिना बताये कही चली है जो घर वापस नही आई, जिसका आसपास रिश्तेदारो मे पता तलाश किया। पता नही चलने पर सूचक के रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 04/2023 कायम कर जांच में लिया गया। सूचक की लडकी नाबालिक होने एवं किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की प्रबल संभावना पर धारा 363 भादवि का घटना घटित होना पाये जाने से अपराध क्रमांक 11/2023 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक अजय झा थाना प्रभारी हथबंद के नेतृत्व में एक टीम गठित कर विशेष अभियान के तहत अपहृता एवं अज्ञात आरोपी की पता तलाश कर, ग्राम बहेशर थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर से आरोपी आकाश कोसले पिता स्व. शिव प्रसाद कोसले उम्र 20 साल साकिन ग्राम गोरदी के कब्जे से पीडिता को बरामद किया गया। पीडिता के कथन के आधार पर प्रकरण में 366, 376 भादवि 04, 06 पाक्सो एक्ट जोडी जाकर आरोपी आकाश कोसले को न्यायालय पेश कर जेल निरूध्द किया गया है। उक्त कार्यवाही में सउनि जगदेव कुमार साहू आरक्षक प्रशांत धर दीवान, धर्मेन्द्र यादव, सतीश वर्मा का योगदान रहा।

### श्रमिकों एवं कर्मचारियों को मतदान करने 7 और 17 नवम्बर को सवैतनिक अवकाश

**बालोद, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उद्योग एवं कारखानों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों का मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रथम चरण के मतदान 7 नवम्बर और द्वितीय चरण के मतदान 17 नवम्बर को वोटिंग के दिन अवकाश दिया जायेगा। इस दिन का वेतन भी उन्हें प्रबंधन द्वारा दिया जायेगा। सामान्य प्रशासन विभाग, रायपुर द्वारा कारखाना अधिनियम के प्रावधानों के तहत् इस आशय के आदेश जारी किये गए हैं। ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घण्टे का अवकाश दिया जायेगा। जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया में संचालित होते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा प्रदान की जायेगी। मतदान की सुविधा तमाम कार्यरत श्रमिक अथवा कर्मचारियों चाहे वे दैनिक वेतनभोगी हो अथवा आकस्मिक श्रमिक हो, प्रदान किया जायेगा।

### अभिकर्ताओं को दी गई निर्वाचन व्यय पंजी संधारित करने की प्रक्रिया की जानकारी



**बालोद, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** व्यय प्रेक्षक श्रीकांत रेड्डी वाय की उपस्थिति में आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के व्यय अभिकर्ताओं को निर्वाचन व्यय पंजी संधारित करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान व्यय अनुवीक्षण सेल के नोडल अधिकारी सीआर टेकाम, सहायक नोडल अधिकारी नेमेंद्र देशमुख सहित सहायक व्यय प्रेक्षकों के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### परियोजना प्रमुख मधु एस. ने संभाला एनटीपीसी कोरबा का कार्यभार

**कोरबा 3 नवम्बर।** कोरबा जिले में स्थापित एनटीपीसी कोरबा के महाप्रबंधक मधु एस. ने 01 नवंबर से परियोजना प्रमुख के रूप में कोरबा सुपर थर्मल पावर स्टेशन का कार्यभार संभाला हैं। मधु एस. (महाप्रबंधक) ने 1989 में कालीकट विश्वविद्यालय से बी. टेक (इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स) की डिग्री प्राप्त करने के बाद 1990 में एनटीपीसी के साथ ईटी के रूप में अपनी यात्रा शुरू की और एनटीपीसी के साथ उनका 33 वर्षों से अधिक का अनुभव है। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने रिहंद, बदरपुर और खरगोन जैसी अन्य एनटीपीसी संयंत्रों में अपनी सेवाएँ दी हैं। फ़रवरी 2022 में, वह अनुरक्षण विभाग में एनटीपीसी कोरबा में शामिल हुए और बाद में फ़रवरी 2023 में उन्हें महाप्रबंधक (प्रचालन और अनुरक्षण) के रूप में पुनः नामित किया गया। उनके पास ईंधन प्रबंधन, प्रचालन और अनुरक्षण आदि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव है। उन्होंने 2007 में एमडीआई से रणनीति और वित्त में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री भी प्राप्त की हैं। मधु एस. ने अपने व्यापक और ज्वलंत ज्ञान और अनुभव से कंपनी में योगदान दिया है। अब एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख के रूप में, उनका लक्ष्य कंपनी के आंतरिक और बाहरी हितधारकों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरे करने का लक्ष्य हैं।

# कसडोल विधानसभा में बाहरी बनाम स्थानीय बना मुद्दा

## कांग्रेस प्रत्याशी पर बाहरी होने का आरोप, एक बड़े नेता पर ही चुनाव प्रचार के लिए आश्रित है भाजपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 4 नवम्बर।** बलौदाबाजार जिला के अंतर्गत कसडोल विधानसभा क्रमांक 44 में नामांकन वापसी के पश्चात चुनावी प्रचार प्रसार और तेज हो गया है। यहां अब 20 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। वर्तमान में पूरा चुनाव बाहरी बनाम स्थानीय पर केंद्रित होता नजर आ रहा है। लगभग सभी अन्य प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रत्याशी मुखर होकर कांग्रेस प्रत्याशी पर बाहरी होने का आरोप लगा रहे हैं जबकि पार्टी के इस निर्णय का विरोध करते हुए वरिष्ठ नेता जिला पंचायत सभापति गोरेलाल साहू ने कांग्रेस प्रत्याशी को पैराशूट प्रत्याशी बतलाते हुए उनके पक्ष में नामांकन वापस लेने से इनकार कर दिया है जिससे विधानसभा कसडोल में कांग्रेस के समक्ष बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

वहीं बसपा, जोहार छत्तीसगढ़ नें भी अपेक्षाकृत मजबूत प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार दिया है। इन सब के बीच भाजपा प्रत्याशी धनीराम धीवर, भाजपा पार्टी के एक बड़े नेता पर ही चुनाव प्रचार के लिए आश्रित है। फिलहाल पिछले चुनाव में करीब 50 हजार मतों की गहरी खाई को वर्तमान में पाटने के लिए कार्यकर्ता विचार विमर्श करते नजर आ रहे हैं। विदित हो कि तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू के नाम की



घोषणा कांग्रेस पार्टी द्वारा कर, टिकट के आधा दर्जन स्थानीय दावेदारों को चौंका दिया था क्योंकि पलारी क्षेत्र में कांग्रेस के प्रमुख टिकट दावेदारों द्वारा वर्तमान विधायक शकुंतला साहू को टिकट देने का पुरजोर विरोध किया जा रहा था। अतः अब प्रचार प्रसार की पूरी कमान इन्हीं नेताओं के आस पास सिमटी हुई नजर आ रही है। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़ी इस विधानसभा के दूरस्थ ग्रामीण अंचल में इस वजह से प्रचार प्रसार अपेक्षाकृत तेज नहीं हो पाया है।

पूर्व में कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता, भाजपा के प्रत्याशी को बाहरी बता कर उनका पुरजोर विरोध करते रहें हैं परंतु उनका यही बाहरी का मुद्दा आज अब, कांग्रेस के गले की हड्डी बनता नजर आ रहा है। भाजपा ने ग्राम पनगांव निवासी पूर्व सरपंच धनीराम धीवर को प्रत्याशी बनाया है जिन्हें प्रचार के लिए जूझना पड़ रहा है। फिलहाल धनीराम धीवर को पार्टी के एक वरिष्ठ नेता की उंगली थाम पर चुनाव में नैय्या पार होने की उम्मीद है। दरअसल धनीराम धीवर को, साहू बहुल विधानसभा क्षेत्र कसडोल में भारतीय जनता पार्टी की ओर से किसी साहू को प्रत्याशी घोषित नहीं करने की वजह से असहयोग का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सुनने में आ रहा है कि साहू समाज के प्रमुखों की पूर्व में हुई बैठक में, साहू जाति के प्रत्याशी को ही वोट देने के लिए एकमत राय जाहिर किये थे चाहे वह किसी भी राष्ट्रीय पार्टी का उम्मीदवार हो।

**विधानसभा निर्वाचन- 2023: नई तकनीकों ने बढ़ाई निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता**

# मोबाइल एप्स से मतदाताओं तक पहुंच रही है मतदान से लेकर प्रत्याशी तक की जानकारी

- मतदान से लेकर मतगणना की पल-पल की जानकारी देख सकते हैं घर बैठे
- प्रत्याशी हो या चुनाव संबंधी सूचना, मोबाइल एप पर है सभी जरूरी जानकारी
- सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग ने निर्वाचन में मतदाताओं को बनाया और शक्तिशाली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 नवम्बर।** सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ा रही हैं। प्रौद्योगिकी में निरंतर विकास का असर निर्वाचन कार्यों पर भी साफ तौर पर देखा जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है। इसे ध्यान में रखकर बीते कई चुनावों में प्रौद्योगिकी आधारित प्रणाली विकसित कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। अब आयोग विभिन्न मोबाइल एप्स विकसित कर नागरिकों को निर्वाचन प्रक्रिया से सीधे जोड़ रहा है। आयोग की इस नई पहल से मतदाता ज्यादा सशक्त होने के साथ ही निर्वाचन तंत्र का सक्रिय सहभागी बन गया है। आइए कुछ ऐसे प्रमुख मोबाइल एप्स के बारे में जानते हैं जो आज के दौर में निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता को बढ़ा रही हैं।

**वोटर हेल्प लाइन एप:** वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर बहुत ही आसानी से अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे कि नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं विधानसभा क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। यदि मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता सूची में पंजीकृत है तो मतदाता अपना ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड न होने की स्थिति में आवश्यक सुधार के लिए फॉर्म-8 में आवेदन कर ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस एप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र समेत किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिससे मतदाता अपने मताधिकार से पहले इस बात से अवगत हो सके कि वह किसका चुनाव करने जा रहे हैं। इसमें प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को विधानसभावार परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप से निर्वाचन सम्बन्धी शिकायत भी की जा सकती है। मतदाताओं की जागरूकता के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के संचालन संबंधी वीडियो भी इसमें अपलोड हैं।

**सक्षम मोबाइल एपः** इस एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं की निर्वाचन संबंधी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। दिव्यांग मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप को उपयोगकर्ताओं के अनुकूल बनाने के लिए डिज़ाइन, ले-आउट, इंटरफ़ेस और सुविधाओं को बेहतर रूप दिया गया है। इसमें स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफ़ा इंटरैक्टिव प्लेटफ़ॉर्म के रूप में डिज़ाइन किया गया है । सक्षम एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही दिव्यांगजन के रूप में चिन्हित करने के लिए अनुरोध, सुधार, प्रमाणीकरण, व्हील चेयर, सहायता, अपने मतदान केंद्र को जानें, बूथ लोकेटर, अपने उम्मीदवारों को जानें, शिकायतें दर्ज करें जैसी कई अन्य सुविधाएं भी इस एप में उपलब्ध हैं।

**सुविधा कैंडिडेट एपः** इस एप के माध्यम से निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी को अपना नामांकन पत्र एवं शपथ पत्र ऑनलाइन भरने की सुविधा मिलती है। ऑनलाइन आवेदन के बाद स्लॉट बुक कर निर्धारित तिथि में भौतिक सत्यापन एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। इतना ही नहीं प्रत्याशी को रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी इस एप में है।

**वोटर टर्न ऑउट एपः** इस मोबाइल एप का उपयोग कर मतदान के दिन आम नागरिक मतदान की विधानसभावार जानकारी पल-प्रतिपल देख सकते हैं। इस एप के जरिए राज्य के किसी भी कोने के नागरिक दोनों ही चरणों में वोटर टर्न ऑउट की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारी हर दो घंटे में अपने केन्द्र पर मतदान की जानकारी इप एप में अद्यतन करेंगे।



### सी-विजिल एप

इस एप के जरिए आम नागरिक निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान होने वाली गड़बड़ी की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकता है। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस एप पर अपनी शिकायत भेज सकता है। शिकायतकर्ता फोन पर सी-विजिल एप्लीकेशन डाउनलोड कर सीधे घटना की फोटो या वीडियो अपलोड कर सकते हैं। मतदाता को रिझाने के लिए पैसे अथवा उपहार वितरण, भड़काऊ भाषण देने, बिना अनुमति बैनर-पोस्टर लगाने, मदिरा वितरण, बिना अनुमति सभाएं करने, अनाधिकृत सामग्री परिवहन, प्रचार के समय की समाप्ति के बाद सभा, मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एप के माध्यम से की जा सकती है।

### नो यूअर कैंडिडेट एप

इस एप के माध्यम से मतदाता निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता अपने विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की शिक्षा, संपत्ति आपराधिक रिकार्ड आदि की जानकारी इससे प्राप्त कर सकता है। इस एप से मतदाताओं को निर्वाचन के लिए सही प्रत्याशी का चयन करने में मदद मिलती है।

### इलेक्शन सीज़र मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) एप

राज्य के 1600 से अधिक स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही जब्ती (सीज़र) की कार्यवाहियों को इस एप पर अपलोड किया जाता है। पुलिस विभाग, आयकर विभाग, जीएसटी विभाग के अधिकारी हर जब्ती को इस एप पर अद्यतन करते हैं। इससे निर्वाचन आयोग को स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी मिलती है और उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

**आदर्श आचार संहिता का पालन करने के साथ समय-समय पर व्यय लेखा प्रस्तुत करने के निर्देश**

# आयोग के निर्देशों का पालन व शांतिपूर्ण मतदान में सहयोग दें : प्रेक्षक

- प्रेक्षकों की उपस्थिति में राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों को दी गई निर्वाचन संबंधी जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 नवम्बर।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए नाम वापसी के पश्चात विधानसभावार लड़ने वाले अभ्यर्थियों की बैठक विधानसभा कसडोल सामान्य प्रेक्षक डॉ.राजेंद्र भारूड व्यय प्रेक्षक संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान प्रेक्षकों ने अभ्यर्थियों, प्रतिनिधियों से मुखातिब होते हुए कहा कि जिले में निर्विघ्न व शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपन्न कराने में सभी अभ्यर्थीगण व राजनीतिक दल अपना पूर्ण सहयोग दें। यदि चुनाव से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत या सुझाव उनके पास हैं तो वे अपने से संबंधित प्रेक्षक के समक्ष रखें। प्रेक्षकों ने कहा कि कोई भी अभ्यर्थी या राजनैतिक दल के प्रतिनिधि चुनाव के दौरान ऐसा कोई भी कार्य न करे जिससे कि आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन हो। बैठक के दौरान अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों, उठाई गई शंकाओं का समाधानकारक उत्तर दिया गया। बैठक में प्रेक्षकों ने अभ्यर्थियों, प्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सभी अपना सहयोग दें तथा ऐसा कोई भी कदम न उठाएं जिससे शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ें। उन्होंने कहा कि यदि अभ्यर्थी को किसी से कोई शिकायत है तो वे अपनी शिकायत कर सकते हैं। इसके लिए अधिक से अधिक निर्वाचन आयोग द्वारा बनाये गए विभिन्न मोबाईल एप्लीकेशन का उपयोग करने कहा गया है। बैठक में प्रेक्षकों ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें जिले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए नियुक्त किया है। वैसे तो जिले में निर्वाचन कार्य में लगी अधिकारियों की टीम निर्वाचन कार्य कराने में सक्षम है, फिर भी अभ्यर्थियों को ऐसा लगता है कि उनके पास शिकायत है तो वे अपनी बात हम तक पहुंचा सकते हैं। प्रेक्षकों ने अभ्यर्थियों को लोकतंत्र के इस पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सहयोग की अपील की।

बैठक में विधानसभावार क्षेत्रों के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों के साथ उपस्थित राजनीतिक दलों/निर्वाचकों को आदर्श आचार संहिता के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गयी। अभ्यर्थियों को व्यय रिपोर्टिंग प्रारूप, दर सूची आदि और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के अनुसार व्यय लेखा प्रस्तुत करने की जानकारी दी गई।




### कलेक्टर ने आदेश जारी कर 2 अपराधियों को किया जिला बदर

**बलौदाबाजार, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कलेक्टर चंदन कुमार ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर अपराधी को जिला बदर के आदेश जारी किया है। जिला बदर होने वालों में धुरंधर वार्ड भाटापारा निवासी ठाकुर राम ध्रुव उर्फ मोंटू पिता जय ध्रुव एवं के के वार्ड भाटापारा निवासी राहुल यादव उर्फजैकर उर्फसोनू पिता हीरा लाल यादव शामिल है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत किया गया है। जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, दुर्ग एवं बेमेतरा जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

### तीनों विधानसभा क्षेत्र के सेवा मतदाताओं को पोस्टल बैलेट जारी

**बलौदाबाजार, 4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्रों हेतु कुल 366 सेवा मतदाताओं को आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार एवं संबंधित क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति में ईटीपीबीएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम उनके पोस्टन बैलेट एवं पिन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजा गया है। अब इन मतदाताओं के द्वारा पोस्टल बैलेट डाउनलोड कर मतदान दिया जा सकेगा और बंद लिफ़ाफ़े में रिटर्निंग अधिकारी को वापस भेजेंगे। उक्त प्रक्रिया एनआईसी कक्ष में संपन्न हुई। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन सहित अन्य आला अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### स्कूल का ताला तोड़कर चोरी करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी निजाम सिंह वर्मा पिता स्व. तुलसीराम वर्मा उम्र 59 वर्ष साकिन उडेला थाना हथबंद ने लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 से 27 अक्टूबर के दरम्यानि रात को अज्ञात चोर द्वारा शासकीय स्कूल का ताला तोडकर स्कूल में रखे लेपटाप एक नग जिसमें डिजी दुनिया का लोगो लगा कीमती 45, 000, सीसीटीवी कैमरा 04 नग कीमती 5200, हार्ड डिस्क एक नग कीमती 4700, डीवीआर 01 नग कीमती 5100, मानीटर 01 नग कीमती 4500, 06. सी.पी.यू. 01 नग 15, 000 जुमला कीमती 79, 500 को चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादवि का घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक अजय झा थाना प्रभारी हथबंद के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी की पता तलाश हेतु हर संभव प्रयास कर आरोपी को गिर किया गया तथा कर मेमोरंण्डम कथन लिया गया। जिसमे आरोपी के कब्जे से स्कूल से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जाकर जेल निरूध्द किया गया है। उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक भालचंद ध्रुव आरक्षक धर्मेन्द्र यादव प्रशांत धर दीवान कमलेश् बर्मन, भुवन वर्मा का विशेष योगदान रहा।

### नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रकरण के प्रार्थी ओमप्रकाश वर्मा साकिन सकलोर 19 नवम्बर को थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम रावन निवासी गिरधारी लाल चन्द्राकर मेरे घर आकर मुझे व मेरे चाचा को तुम्हारे घर में कोई पढ़ा लिखा लड़का है क्या, उसे मैं अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी हिरमी या रावन में नौकरी लगवा दूंगा। नौकरी लगाने के लिये प्रत्येक को 2,15, 000- 2,15,000 रूपये लगेगा कहकर बोला। तो मेरे पुत्र गगन वर्मा और मेरे चाचा के लड़का बलराम वर्मा का नौकरी लगाने के नाम 10 जनवरी 2021 को घर में आकर कुल 4,30,000 लिया है, जो अब तक गिरधारी लाल चन्द्राकर द्वारा ना ही नौकरी लगाया है और ना ही पैसा वापस किया है। नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी किया है। प्रस्तुत शिकायत पर आरोपी गिरधारी लाल चन्द्राकर के विरुध्द अपराध क्र. 115/2023 धारा 420 भा.द.वि पंजीबध्द कर घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा को अवगत कराने पर आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने निर्देश देने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं स्ष्ह्क्क आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में सुहेला थाना प्रभारी नकुल सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आरोपी गिरधारी लाल चंद्राकर की पतासाजी की जा रही थी। आरोपी रिपोर्ट दिनांक से गिरफ्तारी से बचने सकुनत से फरार हो गया था जिसे 1 नवम्बर को सायबर सेल की मदद से आरोपी गिरधारी लाल चन्द्राकर को उरला रायपुर से अभिरक्षा में लेकर मेमोरण्डम कथन लिया गया, जिसने अपने मेमोरण्डम कथन में नौकरी लगाने के नाम से सकलोर निवासी ओमप्रकाश वर्मा एवं प्रहलाद वर्मा एवं अन्य और 03 पीड़ितों से कुल 9,40,000 नगदी लेना बताने से आरोपी गिरधारी लाल चन्द्राकर को 2 नवम्बर के गिरफ्तार न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय पेश करने रवाना किया गया है। प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने में थाना प्रभारी नकुल सिंह ठाकुर, सउनि पवन कुमार सिन्हा, आरक्षक सुरेश वर्मा, की सराहनीय भूमिका रही।



### शराब कोचिये को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 3 नवम्बर को थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल से अवैध रूप से शराब ले जाते हुए एक शराब कोचिया को ग्राम गितकेरा के बाजार चौंक से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 4800 कीमत मूल्य का कुल 40 पौवा देशी मसाला शराब तथा अवैध रूप से शराब ले जाने में इस्तेमाल बिना नंबर मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।



## एक नजर

### अटल जी के सपनों का छत्तीसगढ़ राज्य बनाएंगे : अशोक बजाज



**रायपुर, 4 नवम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र केवल घोषणा पत्र नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास व सभी वर्गों के आर्थिक उत्थान का संकल्प पत्र है। छत्तीसगढ़ में पुनः सरकार बनने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के सपनों के अनुरूप तेजी से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस के कुशासन से ऊब चुकी है तथा जल्द से जल्द उससे निजात पाना चाहती है।

### रंगोली प्रतियोगिता हुई

**रायपुर, 4 नवम्बर।** टैगोर नगर स्थित डीएसआईएफडी इंस्टीट्यूट जहां फैशन डिजाइनिंग, इंटिरियरिंग, इवेंट मैनेजमेंट का कोर्स होता है, चेयरमैन राजेश बरलोटा एंड डायरेक्टर शेखर जैन के नेतृत्व में हमारे इवेंट मैनेजमेंट के छात्र रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह एक कार्यक्रम हर वर्ग के लिए आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कार्यक्रम निःशुल्क था। इस कार्य को अटेंड करने के लिए कोई भी फ़ेक्क नहीं रेक गया है।

### घर में खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 4 नवंबर।** सेक्टर 1 ठेकेदारबाड़ा देवेन्द्र नगर में घर के अंदर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी साहिल 23 वर्ष सेक्टर 1 ठेकेदारबाड़ा देवेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के घर में प्रवेश कर घर के अंदर खड़ी केटीएम बाइक क्रमांक एचआर 51 बीजेड 4650 को पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 1 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### महिला के बैंक खाते से 70 हजार पार

**रायपुर, 4 नवंबर।** महिला के बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति ने तीन बार में 70 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया कृति गुप्ता 36 वर्ष हर्षित लैण्ड मार्ग हीरापुर की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के पास 23 सितंबर 2023 को अज्ञात मोबाइल नंबर 81349-42329 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थिया से कहा कि आपके बैंक खाता में मुझे 25 हजार रुपए डालना है आपके पापा ने कहा है। जिससे प्रार्थिया अपने फोनपे नंबर दे दिया। जिसके बाद प्रार्थिया के मोबाइल पर 25 हजार रुपए भेजे जाने का मैसेज आया, लेकिन एकाउंट में पैसा नहीं आया। जिससे आरोपी ने कहा कि प्रोसेसिंग में समय लगता है, वहीं भूलवश आपको 50 हजार भेज दिया हूं। आप मुझे मेरा 25 हजार रुपए वापस दे दो कहते हुए प्रार्थिया के खाते से 3 बार में 70 हजार रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दुकान के गल्ले से 20 हजार की चोरी

**रायपुर, 4 नवंबर।** मालवीय रोड स्थित प्रिंसशोरूम के गल्ले से एक व्यक्ति ने 20 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रिंस जुसेजा 42 वर्ष बजाज कालोनी न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी मालवीय रोड में प्रिंस शोरूम नाम से दुकान चलाता है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि संदेही तुलसी तांडी उसके दुकान के गल्ले से 20 हजार रुपए पार कर दिया है। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बांस-बल्ली में लगाई आग, जुर्म दर्ज

**रायपुर, 4 नवंबर।** भवानी चौक संजयनगर में अधेड़ ने एक व्यक्ति के बांस में आग लगा दिया। जिससे पीड़ित को हजारों रुपए का नुकसान हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रवि तांडी 36 वर्ष ने थाना में शिकायत किया आरोपी शंकर ध्रुव 45 वर्ष प्रार्थी के किराए के मकान के पास रखे बांस बल्ली में आग लगा दिया। जिससे प्रार्थी को करीब 48 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 435 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अधेड़ की जेब से मोबाइल पार

**रायपुर, 4 नवंबर।** गोल चौक सब्जी बाजार में अज्ञात चोर ने अधेड़ के जेब से मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पी.विश्वनाथ पिल्लई 59 वर्ष उदिया सोसायटी टाटीबंध का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी सब्जी खरीदने गोल चौक सब्जी बाजार गया था। जहां अज्ञात चोर ने उसके जेब से मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत करीब 14548 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# 20 विस क्षेत्रों में पांच नवम्बर को थम जाएगा चुनावी शोरगुल

## नक्सल प्रभावित दस सीटों में प्रातः सात बजे से मतदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 4 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत 20 विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी शोरगुल 5 नवम्बर को थम जाएगा। आयोग ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 6 नवम्बर को मतदान दल को भारी सुरक्षा बल के साथ रवाना करने का रूट चार्ट बना लिया है। प्रचार के लिए अब सभी प्रत्याशी घर-घर दस्तक दे रहे हैं।

निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के अंतर्गत 20 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान 7 नवम्बर को होगा। 10 विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतदान प्रातः 7 बजे से 3 बजे तक और नक्सल प्रभावित 10 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान 8 से 5 बजे के बीच होगा। डिप्टी सीईओ आशीष टिकरिहा के अनुसार विधानसभा क्षेत्र अनुसार चुनावी प्रचार क्रमशः 3 और 5 बजे थम जाएगा। प्रातः सात बजे से जिन क्षेत्रों में मतदान होना है उनमें खुज्जी, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, खैरागढ़, कवर्धा, मोहला-मानपुर। जिन क्षेत्रों में प्रातः 8 से 5 बजे तक मतदान होगा उनमें भानुप्रतापपुर, कोण्डागांव, केशकाल, नारायणपुर, तथा बस्तर के अंतर्गत आने वाले जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंटा हैं। नक्सली गतिविधियों को देखते हुए यहां पर सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए जा रहे हैं। बीजापुर के कई मतदान केंद्रों में दलों को हेलीकाप्टर से भेजा जाएगा।

### लाल आतंक के साये में होगा मतदान

इधर नक्सलियों ने मतदान दलों को धमकी दी है कि वे पुलिस के साथ न आएं। भारत सरकार ने यहां पर बड़ी संख्या में कंपनियां भेज दी है। आशीष टिकरिहा के अनुसार मतदान दलों को 6 नवम्बर को रवाना कर दिया जाएगा। यहां पर डाक मत पत्र भेज दिए गए हैं। चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी इसका उपयोग कर सकेंगे। आयोग के अनुसार यहां पर सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को सूचित किया गया है कि वे सतर्क रहें। प्रथम चरण में 223 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वोटरों की संख्या 40786 है। मतदान दलों को सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करा दी गई है। बस्तर में कुल 12 सीट है। प्रथम चरण में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा, मोहम्मद अकबर, मोहन मरकाम, लता उसेंडी, विक्रम उसेंडी सहित अन्य नेताओं की किस्मत का फैसला होगा। 5303 केंद्रों में मतदान सम्पन्न होगा। इसके लिए मतदाताओं को आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, पेन कार्ड सहित राज्य व केंद्र सरकार के कर्मचारियों को जारी किया गया दस्तावेज अथवा फोटोग्राफ युक्त परिचय पत्र पेश करना होगा।

### आराम से बन रही भाजपा की सरकार : मरांडी



**रायपुर, 4 नवम्बर।** झारखंड के पूर्व सीएम और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश में भाजपा के पक्ष में माहौल होने की बात कही है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बीजेपी आराम से सरकार बना रहा है. कोंडागांव विधानसभा में प्रचार के लिए पहुंचे बाबूलाल मरांडी ने मीडिया से चर्चा में कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष लाल भाईजी देसाई के 'रंगा-बिल्ला' वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश को वर्षों तक लूटा, इसलिए लूट ही दिखता है. मोदी जी ने जब से कहा है कि न खाऊंगा, न खाने दूंगा. तब से सबका पसीना छूट रहा है. राहुल गांधी को लेकर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वो कुछ भी बोलते रहता है, इसलिए कांग्रेस का इस बार सूपड़ा साफ है. राहुल गांधी के दौरे पर कहा कि राहुल गांधी दौरा नहीं, पिकनिक करते हैं. राहुल गांधी को देश की जनता ने 2014 में रिजेक्ट कर दिया था।

# दीपावली, घर की सफाई, धान कटाई से प्रचार-प्रसार प्रभावित

## सोशल मीडिया से ही लोगों को दिया जा रहा संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 4 नवम्बर।** दूसरे चरण के मतदान की तिथि ज्यों-ज्यों नजदीक आती जा रही है त्यों-त्यों राजनीतिक दल मतदाता पर्ची बनाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। दीपावली, धनतेरस जैसे प्रमुख त्योहार होने के कारण लोग अपने घरों में व्यस्त हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में धान कटाई के कारण किसान खेतों में सक्रिय हैं।

प्रदेश में दूसरे चरण के लिए मतदान 17 नवम्बर को होगा। 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1181 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों को धनतेरस, दीपावली, एवं छठ पूजा के कारण मतदाताओं से संपर्क करने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में धान कटाई शुरू हो चुकी है। जल्द पकने वाली फसलों की कटाई व मिंजाई कर इसे सहकारी समितियों में बेच रहे हैं। राजनीतिक दलों के नेताओं के अनुसार धान कटाई और घर की सफाई के कारण मतदाताओं से संपर्क करने में काफी बाधाएं आ रही है। छत्तीसगढ़ के नेताओं ने निर्वाचन आयोग से मतदान की तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया था लेकिन सिर्फ राजस्थान में ही मतदान की तिथि बढ़ाई गई है। अन्य राज्यों में तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया गया।

### द्वितीय चरण के लिए प्रचार तेज

द्वितीय चरण के लिए अब राजनीतिक दलों के नेताओं ने चुनावी सभाएं लेना शुरू कर दिया है। कांग्रेस की ओर से मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल व प्रियंका गांधी तथा भाजपा की ओर से नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, हिमंता बिस्वा सरमा की चुनावी सभाएं कई स्थानों पर आयोजित की गई है। रायपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार तेज हो गया है। रायपुर जिले में मतदान के पश्चात स्ट्रांग रूम दो जगह बनाया गया है। पहला बीटीआई शंकरनगर व दूसरा इंजीनियरिंग कालेज सेजबहार को बनाया गया है। रायपुर जिले में मतदान दलों को प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया गया है।

# विधानसभा चुनाव में लगेंगी 9 हजार बसें

### परेशान होंगे यात्री और स्टूडेंट्स



**रायपुर, 4 नवम्बर।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए बसों का अधिग्रहण शुरू हो गया है. इस कारण रायपुर से विभिन्न स्थानों के लिए आवागमन करने वाले यात्रियों को परेशान होना पड़ सकता है।वहीं, स्कूल बसों को भी बड़ी संख्या में चुनाव में लगाए जाने से छात्रों को भी कम से कम सप्ताह परेशानी होगी. इस बार प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए करीब 15000 वाहनों को तैनात किया जाएगा।

इसमें करीब 7000 यात्री बस, 2000 स्कूल बस, 3000 ट्रक और 3000 कार के साथ ही शासकीय वाहन शामिल है. चुनाव आयोग के निर्देश पर सभी जिलों में आरटीओ द्वारा वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है. बताया जाता है कि प्रथम चरण में 7 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए अब तक करीब 3000 वाहनों का अधिग्रहण कर स्थानीय जिला और पुलिस प्रशासन को सौंपा गया है. ताकि जरूरत के अनुसार इनका उपयोग किया जा सकें. वहीं दूसरे चरण में 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए वाहन उपलब्ध कराने बस मालिक और ट्रांसपोर्टरों को परिवहन विभाग ने नोटिस जारी किया गया है. उन्हे 14 नवंबर को वाहन लेकर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है. इसकी अवहेलना करने और वाहन नहीं देने पर परमिट निरस्त कर ब्लैकलिस्टेड करने की चेतावनी दी गई है। ब्लैकलिस्टेड करने की चेतावनी दी गई है।

**त्योहार में बढ़ेगी मुसीबत:** यात्री बसों का अधिग्रहण बढ़ी संख्या में करने पर दीपावली त्योहार के दौरान यात्रियों की मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है. हालांकि छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के अध्यक्ष अनवर अली का कहना है कि पर्याप्त संख्या में यात्री बस है. अधिग्रहण करने के बाद भी कोई असर नहीं पड़ेगा।

बता दें कि चुनाव के लिए लंबी दूरी की स्लीपर और ऐसी बसों का उपयोग चुनाव कार्य के लिए नहीं किया जाएगा।

### निगरानी दलों के लिए 70 शासकीय वाहन

चुनाव के लिए रायपुर जिले में निगरानी दलों के लिए विभिन्न शासकीय विभागों से 70 वाहनों का अधिग्रहण किया गया है. इसमें वीएसटी (वीडियोग्राफी करने) वाले वाहन भी शामिल हैं. रायपुर जिले से 417 यात्री बसों, 180 कार और 100 अन्य वाहनों को मतदान दलों और सुरक्षा बलों के मूवमेंट के लिए अधिग्रहित किया जाएगा. इसके लिए वाहन मालिकों को चालक व फिटनेस सर्टिफिकेट एवं दस्तावेज के सहित उपस्थिति दर्ज कराने कहा गया है.

# पुरंदर ने किया रिक्शा से चुनाव प्रचार



**रायपुर, 4 नवम्बर।** रायपुर उत्तर विधानसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा कभी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं और तभी रिक्शा चलाने वालों का दुख-दर्द वे बखूबी समझते हैं। समाजसेवा के साथ ही चुनाव प्रचार की गतिविविधियों को रफ्तार देते हुए पुरंदर मिश्रा रविशंकर शुक्ल वार्ड-25 अंतर्गत राजा तालाब व मदर टेरेसा वार्ड क्षेत्र में रिक्शा से जनसंपर्क किया। इस दौरान लोगों ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया। वहीं मिश्रा स्थानीय मूलभूत आवश्यकताओं के विषय में उन्होंने क्षेत्र के लोगों से विस्तृत चर्चा की। श्री मिश्रा ने कहा- स्कूटर में चलने की बात कहकर नेतागिरी करने वाले उत्तर विधानसभा क्षेत्र के मौजूदा विधायक ने यहां के वार्डों की जो दुर्गति की है, उससे तो यहां रिक्शे से ही चला जा सकता है। मेरे उड़िया समाज के लोग ज्यादातर शहर में रिक्शा चलाकर ही अपना जीवन-यापन करते हैं। रिक्शा चलाने वाले मेरे साथियों और इस विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग वर्गों के लोगों से चर्चा के बाद आप सबके सामने आज मैं यह संकल्प भी लेता हूं कि चुनाव जीतने के बाद भी मैं विधानसभा के पूरे क्षेत्र में रिक्शे से ही चलूंगा। साथ ही साथ मेरा सबसे पहला प्रयास यह रहेगा कि रायपुर उत्तर विधानसभा के सभी मोहल्लों की गलियों और सड़कों को सुंदर चकाचक बेहतरीन बनाया जाए ताकि यहां स्कूटर ही नहीं बल्कि कार भी सुगमता से चलाई जा सके। सड़कों पर गड्ढे की कोई गुंजाइश न रहे। स्कूटी वाले विधायक भी यह सुन लें कि उनका स्कूटर अब पंचर होने वाला है। वहीं आप भी यह संकल्प लें कि- अउ नइ सहिबो, ए दारी बदल के रहिबो। इस मौके पर भाजपा मंडल शंकर नगर अनूप खेलकर, ज्ञानचंद चौधरी, संजय कश्यप, विपिन पटेल, हरीश चौधरी, संजय रजत, दिनेश सिंह नेताम, दीपाली चौधरी, तुलसा सेलकर, राम शिवहरे, कमला वर्मा, प्रीतम महानंद, विष्णु नामदेव, गोरेलाल देवांगन, अखिलेश पवार, गोपाल ठाकरे, श्रीमति किरण सारथी, दिलीप सारथी व नरेंद्र निर्मलकर सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रोड शो के लिए राजनीतिक दलों को लेनी होगी अनुमति

## आदर्श आचार संहिता का पालन करने आयोग के कठोर दिशा-निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 4 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को आदर्श आचार संहिता का पालन करने के निर्देश दिए हैं। पर्याप्त सुरक्षा बल की व्यवस्था को सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारी प्रतिदिन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ में होने वाले प्रथम एवं द्वितीय चरण के चुनाव के लिए नियमित रूप से जानकारी ले रहे हैं। इसमें आदर्श आचार संहिता का पालन सबसे पहले है। निर्वाचन आयोग ने वीवी पैट तथा ईवीएम की कमिशनिंग एवं रेण्डमाइजेशन का काम करने के संबंध में जानकारी ली है। संपत्ति विरूपण पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। शासकीय भवनों में लगाए गए दीवार लेखन, पोस्टर, स्टीकर, कटआउट, होर्डिंग्स एवं बैनर व झंडों को 24 घंटे के अंदर हटाने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी निजी निवास में झंडा बैनर लगाने के लिए उनसे अनुमति लिया जाना अनिवार्य है। निजी संपत्ति विरूपण के तहत अनाधिकृत राजनीतिक दलों के विज्ञापन को चुनाव की घोषणा के बाद हटाया जाएगा। राजनीतिक दलों के द्वारा किसी भी शासकीय वाहन का उपयोग नहीं किया जा सकता। सरकार खर्च पर समाचार पत्र अथवा किसी मीडिया संस्थान को विज्ञापन का प्रसारण नहीं किया जा सकेगा। आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए चुनाव प्रचार के लिए वाहनों की अनुमति लेनी होगी। प्रचार के लिए किसी भी सरकारी वाहन का उपयोग नहीं किया जा सकता।

आयोग के अनुसार आम सभा के लिए सार्वजनिक स्थलों की पहचान जिला प्रशासन द्वारा की जा चुकी है। कोई भी राजनीतिक सभा शैक्षणिक स्थलों में नहीं होगी। इसके लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना होगा। रैली और रोड शो के लिए भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति होगी। रोड शो के लिए अनुमति लेना होगा। वाहनों के लिए 100 मीटर का अंतराल करना जरूरी होगा।

### 'फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स' कैम्पेन

**रायपुर, 4 नवम्बर।** इस दिवाली, सपनों के सच होने की खुशी का आनंद लें क्योंकि टाटा उद्यम, क्रोमा में शुरू हुआ है 'फेस्टिवल ऑफड्रीम्स' कैम्पेन। 15 नवंबर, 2023 तक चलने वाले इस कैम्पेन में सभी क्रोमा स्टोर्स और वेबसाइट पर सभी श्रेणियों में आकर्षक और बहुप्रतीक्षित ऑफर पेश किए गए हैं। स्मार्ट टीवी से लेकर लैपटॉप, वॉशिंग मशीन, एसी, रेफ्रिजरेटर, स्मार्टफोन और कई अन्य उत्पादों पर इन ऑफर्स का लाभ उठाया जा सकता है। अपने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, क्रोमा ने आपके सपनों को साकार करने के लिए आकर्षक छूट और ऑफर पेश किए हैं। ऑफर का लाभ क्रोमा स्टोर्स, वेबसाइट और टाटा नेउ पर लिया जा सकता है। सभी ऑफर पर नियम और शर्तें लागू होती हैं।

# भाजपा के हाथ की कठपुतली बन गई है ईडी: मनु सिंघवी



### कांग्रेस ने ईडी की कार्यप्रणाली को लेकर दागे सवाल

**रायपुर, 4 नवंबर।** छत्तीसगढ़ पुलिस ने महादेव एप प्रकरण में 450 लोगों को गिरफ्तार किया है। कांग्रेस ने कार्रवाई के आंकड़े भी जारी करते हुए ईडी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ ईडी के आरोप पर कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि 1.5 साल से अधिक समय पहले, छत्तीसगढ़ सरकार ने ये मामले दर्ज किए थे। मैंने मीडिया को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 450 गिरफ्तारियों को दिखाने वाला एक चार्ट दिया है। ईडी चुनाव से चार दिन पहले आते हैं, आप अपने आरोपों को एक कूरियर वाले के बयान पर आधारित करते हैं जो डेढ़ साल से चुप था, पिछले 18 महीने से आपने कार्रवाई क्यों नहीं की? सभी जानते हैं कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी बुरी हार की तरफ आगे बढ़ रही है। इसी के साथ भाजपा का ईडी के साथ गठबंधन भी बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसा कहने का कारण है- छत्तीसगढ़ पुलिस महादेव एप मामले में जांच शुरू कर देती है, बहुत सारी चीजें जब्त कर लेती है। लेकिन उसके डेढ़ साल बाद, ठीक चुनाव के समय, मोदी सरकार के निर्देश पर ईडी इस मामले के बीच कूद जाती है। और फिर छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों पर प्रताड़ना का दौर शुरू होता है।

छत्तीसगढ़ में सरकारी कर्मचारियों को ईडी द्वारा परेशान किया जा रहा है। इन कर्मचारियों के बारे में चार्जशीट में कोई भी तथ्य नहीं दिया गया है। इनको बताया नहीं जाता कि ये अभियुक्त हैं या साक्ष्य हैं। आज ईडी का मतलब इलेक्शन डिपार्टमेंट हो गया है।

## अमित जोगी ने ईडी को सौंपा ज्ञापन, 508 करोड़ घोटाला मामले में हो सख्त कार्रवाई



**रायपुर, 4 नवंबर।** पाटन विधानसभा सीट पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ जेसीसीजे से उम्मीदवार अमित जोगी ने ईडी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा है। इसमें महादेव एप के माध्यम से करोड़ों रूपए की काली कमाई को राज्य सरकार के खाते में डालने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। सूत्रों ने बताया कि ईडी ऑफिस रायपुर के बाहर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। बात बिल्कुल साफ है और न्यायसंगत है, सत्ताधारियों ने सट्टाधारी बनकर महादेव ऐप के माध्यम से जो करोड़ों रुपये की काली कमाई की, उस जप्त रकम को ईडी छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के खाते में दे ताकि यह पैसा छत्तीसगढ़ के गरीबों के बैंक खातों में दिया जा सके। यह पैसा छत्तीसगढ़ के लोगों का है। साथ ही, हमने यह मांग की है कि तथाकथित मुख्य अभियुक्त से 508 करोड़ रुपये की जप्ती हो तथा उनकी और उनके सहयोगियों की संपत्ति कुर्क कर छत्तीसगढ़ के आमजनों के खातों में वसूली की राशि डाली जाए। उसके अलावा ईडी को पुख्ता प्रमाण देते हुए महादेव ऐप घोटाले की जांच एनआईए और सीबीआई से कराने की मांग की गई है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23